दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

Happy जन्माष्टमी

वर्ष: 3 | अंक: 257 जयपुर, सोमवार, 26 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**प्रधानमंत्री ने की राजस्थान हाई कोर्ट की स्थापना के प्लैटिनम जुबली समारोह में शिरकत**

# राजस्थान हाई कोर्ट के अस्तित्व से जुड़ा राष्ट्रीय एकता का इतिहास: पीएम मोदी

- मोदी ने कहा- न्याय हमेशा सरल होता है, कई बार प्रक्रियाएं उसे मुश्किल बना देती हैं
- आज देश में 3 हजार से ज्यादा कोर्ट परिसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े
- मुख्यमंत्री शर्मा बोले- गर्व से लेते हैं राजस्थान हाई कोर्ट का नाम
- सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ तबीयत खराब होने के कारण नहीं हो पाए कार्यक्रम में शामिल





सीजे श्रीवास्तव ने किया प्रधानमंत्री का स्वागत।

**बेधड़क | जयपुर/जोधपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान हाई कोर्ट के अस्तित्व से हमारे राष्ट्र की एकता का इतिहास जुड़ा है। आज दशकों बाद आम नागरिकों की पीड़ा को खत्म करने के लिए सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं। मेरा मानना है न्याय हमेशा सरल एवं स्पष्ट होता है। कई बार प्रक्रियाएं उसे मुश्किल बना देती है। हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है हम न्याय को सरल और स्पष्ट बनाएं।

पीएम मोदी ने रविवार को जोधपुर में राजस्थान हाई कोर्ट के प्लैटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि दशकों से कोर्ट के सामने चक्कर शब्द (कोई बुरा मत मानना) मेंडेटरी हो गया था। कोर्ट का चक्कर मुकदमे का चक्कर यानी एक ऐसा चक्कर, जिसमें फंस गए तो कब निकलेंगे, पता नहीं। उन्होंने कहा कि आप सब जानते हैं, सरदार पटेल ने जब 500 से ज्यादा रियासतों को जोड़कर देश को एक सूत्र में पिरोया था, तो उसमें राजस्थान की भी कई रियासतें थीं। जयपुर, उदयपुर और कोटा जैसी कई रियासतों के अपने हाई कोर्ट भी थे। इनके इंटिग्रेशन से राजस्थान हाई कोर्ट अस्तित्व में आया यानी राष्ट्रीय एकता ये हमारे ज्यूडिशियल सिस्टम का भी फाउंडिंग स्टोन है। ये फाउंडिंग स्टोन जितना मजबूत होगा, हमारा देश और देश की व्यवस्थाएं भी उतनी ही मजबूत होंगी।

### स्मारिका का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान हाई कोर्ट की स्मारिका का विमोचन भी किया। इसमें 75 वर्ष की यात्रा की स्मृतियों को सहेजा गया है। इससे पहले समारोह में पहुंचे पीएम मोदी का राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने साफा पहना कर स्वागत किया। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद रहे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ तबीयत खराब होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।



### प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की बड़ी बातें

- हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम न्याय को ज्यादा से ज्यादा सरल और स्पष्ट बनाएं और मुझे संतोष है कि देश ने इस दिशा में कई ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाए हैं।
- आज देश में 18 हजार से ज्यादा कोर्ट्स कम्प्यूटराइज्ड हो चुकी हैं। मुझे बताया गया है कि नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड से 26 करोड़ से ज्यादा मुकदमों की जानकारी एक सेंटरलाइज्ड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जुड़ चुकी है।
- हमारी न्यायपालिका ने निरंतर राष्ट्रीय विषयों पर सजगता और सक्रियता की नैतिक जिम्मेदारी निभाई है। कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने का... देश के संवैधानिक एकीकरण का उदाहरण हमारे सामने है। सीएए जैसे मानवीय कानून का उदाहरण हमारे सामने है।
- बीते 1 दशक में देश तेजी से बदला है। हम 10 साल में 10वें पायदान से ऊपर उठकर दुनिया की 5वीं अर्थव्यवस्था बने हैं। देश के सपने बड़े हैं, आकांक्षा बड़ी है। हम नए इनोवेशन करें और व्यवस्थाओं को आधुनिक बनाएं। ये जस्टिस फॉर ऑल के लिए जरूरी है।

### सीएम-डिप्टी सीएम ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष विमान से जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने स्वागत किया। पीएम मोदी एयरफोर्स स्टेशन से हाई कोर्ट कैंपस पहुंचे। हाई कोर्ट जाने के रास्ते को सजाया गया। साथ ही, चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित वरिष्ठ न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता, विधि छात्र सहित कई लोग उपस्थित रहे।



### त्वरित न्याय दिया: सीएम शर्मा

राजस्थान हाई कोर्ट का प्लैटिनम जुबली समापन समारोह में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान हाई कोर्ट का स्वर्णिम इतिहास रहा है। आपातकाल के दौरान 9 हाई कोर्ट में राजस्थान भी शामिल था, जो नागरिकों की रक्षा के लिए खड़ा रहा, राजस्थान हाई कोर्ट ने त्वरित कानून के साथ लोगों को न्याय दिया।

### पहला हाई कोर्ट जिसने हिंदी में शुरू की कार्यवाही

राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लैटिनम जयंती समारोह में कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि हाई कोर्ट को 75 साल पूरे हुए हैं और हमारे संविधान को लागू हुए भी 75 साल हुए हैं। आधुनिक गणराज्य के रूप में भारत की नींव हमारा गौरवशाली संविधान है, जिसकी आधारशीला न्याय है। मेघवाल ने कहा, "मैं गर्व से कह सकता हूं कि राजस्थान हाई कोर्ट भारत का ऐसा पहला हाई कोर्ट था जिसने 1950 में संविधान के तहत अपनी कार्रवाई हिंदी में करनी शुरू कर दी थी।

(पेज 08 भी देखें)

## जरूरी खबर

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्म करने, शोषण एवं अन्याय का प्रतिकार करने तथा जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे श्रीकृष्ण के महान आदर्शों को आत्मसात करें।

### सीएम आज एमपी दौरे पर, महाकालेश्वर के करेंगे दर्शन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को एक दिवसीय यात्रा के दौरान मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेंगे। सीएम यहां महाकाल मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे। इसी क्रम मे शाम को सीएम पूंछरी का लौटा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे।

**एक और रेल हादसा... उत्तर प्रदेश के बिजनौर का मामला**

## किसान एक्सप्रेस 2 हिस्सों में बंटी

**एजेंसी | बिजनौर**




फिरोजपुर (पंजाब) से धनबाद (झारखंड) जा रही किसान एक्सप्रेस की कपलिंग चकरामल गांव के पास टूट गई। इससे ट्रेन 2 हिस्सों में बंट गई. इंजन 13 बोगियों के साथ आगे निकल गया, जबकि 8 कोच पीछे छूट गए। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन में पुलिस भर्ती परीक्षा देने जा रहे सैकड़ों अभ्यर्थियों के साथ आम लोग भी सवार थे। घटना की जानकारी पर रेलवे की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इसके बाद अभ्यर्थियों को 4 बसों से बरेली भेजा गया। वहीं, जिस समय यह घटना हुई, उस समय ट्रेन में यात्री गहरी नींद में थे. कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि उनकी बोगियां इंजन से अलग हो गईं हैं। (13308) बिजनौर के स्योहारा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी, तभी चकरामल गांव के पास कपलिंग टूट गई. इससे किसान एक्सप्रेस 2 भागों में बंट गई। इंजन 13 बोगियों को लेकर 4 किमी तक आगे चला गया, जबकि 8 बोगियां स्योहारा स्टेशन पर खड़ी हो गईं. ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई।

**श्रीकृष्णजन्माष्टमी आज: शहर के आराध्य गोविंददेवजी सहित प्रदेश के...**

## सभी मंदिरों में होगी विशेष पूजा-अर्चना

**बेधड़क | जयपुर**



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को मनाई जाएगी। शहर के आराध्य श्रीगोविंददेवजी मंदिर सहित शहर के सभी प्रमुख कृष्ण मंदिरों में कान्हा जन्म का उल्लास मनाया जाएगा। इस अवसर पर गोविंददेवजी सहित सभी मंदिरों की रंगीन रोशनी से सजावट की गई है। इसके अलावा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोपीनाथ मंदिर में भगवान को 2.50 लाख की घड़ी पहनाई जाएगी। श्रीराधादामोदर जी मंदिर में भी कृष्ण जन्मोत्सव की सारी तैयारियां कर ली गई है।

**देंगे 21 तोपों की सलामी :** दूध, दही, गाय के घी से होगा अभिषेक गोविंददेवजी मंदिर में 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुबह 4.30 से 6.45 बजे तक मंगला आरती दर्शन होंगे। भगवान को नए कपड़े (पोशाक) धारण कराए जाएंगे। भगवान का विशेष श्रृंगार करने के बाद भक्तों के लिए दर्शन खोले जाएंगे। भक्त पूरे दिन 7 झांकियों में दर्शन कर सकेंगे। जन्माष्टमी पर पास धारी और आमजन के लिए अलग-अलग एंट्री की व्यवस्था रहेगी। मंदिर प्रशासन ने जन्माष्टमी पर भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। जन्म के समय रात 12 बजे 31 तोपों की सलामी होगी। आतिशबाजी की जाएगी। रात 12 बजे गोविंद अभिषेक दर्शन खुलेंगे। इसमें 6 पंडित वेद पाठ करेंगे। दूध,दही, गाय के घी से अभिषेक होगा। अभिषेक के बाद ठाकुरजी को विशेष भोग अर्पण किया जाएगा। इसमें पंजीरी लड्डू, खिरसा और रबड़ी कुल्हड़ का भोग शामिल है। इसके अगले दिन 27 अगस्त को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

(पेज 03 भी देखें)

**आमजन के मुख्यमंत्री**

## सीएम ने ट्रेन में लोगों के साथ की बात, ली सेल्फी... साथ खाया खाना

- जोधपुर के सर्किट हाउस में की जनसुनवाई, लोग हुए संतुष्ट
- राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध
- रास्ते से गुजर रही रामदेवरा यात्रा में हुए शामिल, निशान उठाकर चले

**बेधड़क | जयपुर**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जोधपुर यात्रा के दौरान सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। उन्होंने बड़ी संख्या में आए लोगों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनकी परिवेदनाएं सुनी और अधिकारियों को इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब, महिला, युवा एवं किसान सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस दिशा में लगातार जनकल्याणकारी निर्णय लिए जा रहे हैं। विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए आमजन से जुड़ी सेवाओं को निरंतर सुगम और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर वर्ग और हर क्षेत्र का समग्र विकास हो।

### हर समस्या और सुझाव महत्वपूर्ण

जयपुर से जोधपुर ट्रेन में सफर के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐस सफर में आमजन से बातचीत के दौरान उनकी जो समस्याएं और सुझाव प्राप्त होते हैं, वो वास्तविक फीडबैक की तरह होते हैं। शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों की हर समस्या और सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण है और हम उनका समाधान करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान होने के बाद लोगों के चेहरे पर जो मुस्कुराहट आती है वो ही हमारे संतोष का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के आठ महीने के कार्यकाल के दौरान ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को कई बड़ी सौगातें दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से मुलाकात पर एक नई ऊर्जा का संचार होता है। उनके मार्गदर्शन में राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

### मुख्यमंत्री का जताया आभार

जनसुनवाई में उपस्थित आमजन ने परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में जोधपुर जिले की घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही साफा, माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर मुख्यमंत्री का भावपूर्ण स्वागत किया।

**कई स्टेशनों पर हुआ स्वागत:** अपने जोधपुर के एक दिवसीय दौर के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर से ट्रेन में जोधपुर के लिए रवाना हुए। इस दौरान सीएम का कई स्टेशनों पर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने ट्रेन में सफर कर रहे लोगों से मुलाकात भी की। उनके साथ खाना भी खाया। इस दौरान कई यात्रियों ने सीएम के साथ सेल्फी भी ली।

## जरूरी खबर

### RMSCL को मिला प्रौद्योगिकी सभा उत्कृष्टता पुरस्कार




**जयपुर।** प्रदेश में ई-औषधि सॉफ्टवेयर के माध्यम से निशुल्क दवा योजना का बेहतर संचालन करने के लिए राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन को प्रौद्योगिकी सभा उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया है। लखनऊ में एक्सप्रेस कम्प्यूटर-इंडियन एक्सप्रेस समूह द्वारा आयोजित प्रौद्योगिकी सभा में एंटरप्राइज एप्लीकेशन श्रेणी में आरएमएससीएल को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में अतिरिक्त निदेशक विक्रम सिंह सांखला ने पुरस्कार ग्रहण किया।

### प्रदेश की 70 फर्मों लगाया 85 हजार 500 का जुर्माना

**जयपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे कंज्यूमर केयर अभियान में 8वें दिन में 70 फर्मों पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इनमें चार फर्मो पर कम माप तौल करना तथा 27 फर्मो पर सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नहीं पाए गए। टीमों ने फर्मो के विरुद्ध मौके पर ही नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाकर 85 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि कंज्यूमर केयर अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। कंज्यूमर केयर अभियान में उपभोक्ता महत्वपूर्ण विषयों पर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकते हैं।

### अनेकता में एकता भारत की विशेषता: कटारिया

**जयपुर।** पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक चंडीगढ़ गुलाबचंद कटारिया ने कहा है कि संगीत और कविताओं ने हमेशा से ही सबको प्रेरित किया है। कटारिया यहां पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा दर्पण सभागार में आयोजित दो दिवसीय मल्हार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश की विभिन्न उत्सव, वेशभूषा, वाद्य, भाषा अलग-अलग होने पर भी सब मिलकर भारत का स्वरूप दिखाई देता है। यही अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। वास्तव में हर त्योहार, उत्सव आमजन में तनावमुक्त वातावरण फैलाने का कार्य करता है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि उत्सव पहले दिन शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में सुरबहार वाद्य पर डॉ. अश्विन एम. दलवी ने अपनी प्रस्तुति दी। पखावज पर मृणाल उपाध्याय एवं तबले पर द्विज गंधर्व ने संगत की।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने** कहा-जन्माष्टमी पर कृष्ण मंदिर में जाकर माफी मांगें डोटासरा

# राठौड़ ने कांग्रेस अध्यक्ष से पूछा...'गोविंदा थारो नाम कुण धरयो'

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की दोनों की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में भगवान श्रीकृष्ण पर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से राजस्थानी अंदाज में पूछा, 'गोविंदा थारो नाम कुण धरयो...।' उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी पर कृष्ण मंदिर में जाकर गोविंद सिंह डोटासरा को माफी मांगनी चाहिए। मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के भगवान श्रीकृष्ण पर दिए गए आपत्तिजनक बयान को सनातन का अपमान और हिंदुओं की आस्था पर चोट बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा छपास की बीमारी से पीड़ित हैं, इसलिए वे अनर्गल बयानबाजी करते रहते हैं। वे बोले-डोटासरा ने सनातन विरोधी कांग्रेस की नीति का अनुसरण करते हुए करोड़ों हिंदुओं की श्रद्धा के केंद्र भगवान श्रीकृष्ण पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर अपने खास परिवार को खुश करने की कोशिश की है। पिछले दिनों डोटासरा ने कहा था कि सीएम भजनलाल मुरलीवाले के भरोसे चल रहे हैं।





#### ... इसलिए हो गई मति भ्रष्ट

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा, डोटासरा की भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी अपने परिजनों के विश्वास पर भी प्रश्न चिह्न है। क्या वे बताएंगे कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तस्वीरें अपने घर से बाहर कब फेंकने वाले हैं। मदन राठौड़ बोले- चुनाव में मंदिर-मंदिर धोक लगाने वाले कांग्रेसी नेता चुनाव पूरा होते ही अपने असली रंग में आ जाते हैं। ऐसा लगता है कि गोविंद सिंह डोटासरा ने राहुल गांधी का झूठा पानी पी लिया है, जिसके कारण मति भ्रष्ट हो गई है।

#### प्रदेशाध्यक्ष मंदिर तक जा आते तो यह स्थिति नहीं होती

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बोले- अच्छा होता कि वे मुरलीवाले के बारे में अपने परिवार में बड़ों से चर्चा कर लेते और गांव के ठाकुर जी के मंदिर तक जा आते तो उनकी ये स्थिति नहीं होती और एक ही परिवार के चरण चाटुकार को मुरलीवाले का महत्व पता चल जाता। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि डोटासरा जन्माष्टमी के दिन कृष्ण मंदिर में जाकर अपने पाप का प्रायश्चित करें और करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर चोट करने के लिए माफी मांगें।

#### भाजपा नेताओं ने यूपीएस का किया स्वागत

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने यूपीएस स्कीम को पीएम मोदी का मास्टर स्ट्रोक बताते हुए स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के इस मास्टर स्ट्रोक से कई दिनों से इस मुद्दे को लेकर अफवाह फैलाते विपक्ष की छाती पर सांप लौटने लगे हैं। मोदी सरकार ने लाखों कर्मचारियों के विश्वास को पूरा किया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कर्मचारियों के लिए नई पेंशन स्कीम घोषणा का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारी कल्याण को प्रतिबद्ध मोदी सरकार का अभिनंदनीय निर्णय बताया है। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने नई पेंशन स्कीम यूपीएस लाने को भाजपा की जन हितैषी नीति बताते हुए स्वागत किया।

---

**BJP अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं में किया ऊर्जा का संचार**

# 'डबल इंजन की सरकार ने विकास के नए आयाम किए स्थापित'



बेधड़क | जयपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान की जोधपुर जिला कार्यशाला में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत से भारतीय जनता पार्टी को जीताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाया। भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने पर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद और आभार। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को बढ़चढ़ कर अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के बजट में जो भी घोषणाएं हुई है, उसको आमजन तक पहुंचाएं। प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकास के नए आयाम को स्थापित कर रही है। भाजपा सरकार घर-घर सोलर पैनल लगाने की योजना लेकर आई है ताकि आमजन पर बिजली का भार कम हो सके। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में राजस्थान में छह विधानसभाओं में उपचुनाव होने जा रहे हैं इसलिए भाजपा कार्यकर्ता चुनावी क्षेत्र में अपने परिचितों से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि बांग्लादेश व पाकिस्तान में कितनी अराजकता उत्पन्न हुई है। कांग्रेस आज हमारे विरोध में खड़ी है और अनेक प्रकार की अव्यवस्था फैला रही है ताकि देश आर्थिक स्थिति से पिछड़ जाएं। उन्होंने बांग्लादेश एवं पाकिस्तान में उत्पन्न हो रही विकराल स्थितियों को हवाला देते हुए कहा कि बांग्लादेश में इतनी अराजकता फैल गई है कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री को भी भागकर भारत में शरण लेनी पड़ी। ऐसे में हमारे देश में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए सावधान रहने की जरूरत है। देश और प्रदेश में विपक्षी विरोधी ताकतों का षड्यंत्र विफल करना है। कांग्रेस ने कश्मीर में नेशनल कांफ्रेस के साथ समझौता किया, जिसने घोषणा की कि यदि वो सत्ता में आई तो कश्मीर में पहले जैसी स्थिति पैदा करेगी।



#### भाजपा की विकासोन्मुखी नीतियों का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं: सीएम भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा की सदस्यता अभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपस्थित समर्पित कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की रणनीति एवं कार्यप्रणाली से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। सीएम शर्मा ने अभियान के दौरान सूर्यनगरी में अधिकाधिक नागरिकों को पार्टी से जोड़ने तथा सदस्यता में वृद्धि करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इस अभियान के माध्यम से हम न केवल पार्टी की सदस्य संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करें, अपितु जन-जन तक भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा एवं विकासोन्मुखी नीतियों का संदेश भी पहुंचाएं, ताकि प्रत्येक प्रदेशवासी राष्ट्र निर्माण में अपनी सार्थक और महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

### सदस्यता अभियान में घर-घर जाकर सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी BJP बनाएंगे कार्यकर्ता: तिवारी

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी दौसा जिले की सदस्यता अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला को राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा और जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभु दयाल शर्मा ने संबोधित किया। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए जनसंघ से लेकर भाजपा की रीति नीति के बारे में अवगत कराया। तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35A को हटाकर, एक देश-एक विधान और एक निशान को लागू करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक परिवार है, जिसका प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के एक मजबूत स्तंभ की तरह काम करता है। सदस्यता अभियान में घर-घर जाकर सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी भाजपा कार्यकर्ता बनाएंगे।




---

**सिक्किम के राज्यपाल का अभिनंदन**

## राज्यपाल की भूमिका केंद्र व राज्य के मध्य सेतु जैसी: माथुर



बेधड़क | जयपुर

सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने कहा कि राज्यपाल की भूमिका केंद्र और राज्य सरकार के मध्य सेतु की होती है, वे अपने इस नवीन दायित्व में प्रयत्न करेंगे कि नागरिक जीवन सुखी व समृद्ध कैसे हो, क्षेत्र व जनता का सर्वांगीण विकास कैसे हो।

राज्यपाल माथुर रविवार को उदयपुर सुखाड़िया रंगमंच पर सर्व समाज सिरमौर सम्मान समारोह समिति द्वारा अपने सार्वजनिक अभिनंदन समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने कार्य प्रारंभ किया, वे आज भी कार्यकर्ता की भूमिका में ही है। माथुर ने कहा कि ये मेरा सम्मान नहीं, मेरे स्नेहीजनों व कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान है। वे भविष्य में इसी अनुरूप काम करेंगे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष, पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए राज्यपाल माथुर के अनुकरणीय व्यक्तित्व और उनके सार्वजनिक जीवन मे किए गए कार्यों का बखान किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, सहकारिता मंत्री गौतम दक, वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने विचार व्यक्त किए।

उदयपुर के महापौर गोविंद सिंह टांक ने उदयपुरवासियों की ओर से माथुर का स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता उदयपुर विधायक ताराचंद जैन ने की।

**राज्यपाल की कुलपतियों के साथ बैठक**

## हमारे विवि उत्कृष्ट और सर्वोच्च ज्ञान के केंद्र बनें



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी नैक एक्रेडिंग के लिए तेजी से प्रयास करे। उन्होंने गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रयास करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर राजस्थान को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय राज्य बनाना है। राज्यपाल ने रविवार को डीआरडीओ सभागार में जोधपुर स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विविद्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। साथ ही, इसको और कैसे बेहतर किया जा सकता है के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय उत्कृष्ट और सर्वोच्च ज्ञान के केंद्र बनें।

---

**सीएम 'जीने की कला' विशिष्ट प्रवचन माला कार्यक्रम में हुए शामिल**

# संत महात्मा हमारे जीवन में निभाते हैं मार्गदर्शक की भूमिका: भजनलाल

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि संत महात्मा हमारे जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। हमारी आध्यात्मिक उन्नति में उनका अहम योगदान होता है। वे समाज को संस्कारित बनाने का कार्य करते हैं और संस्कारवान भावी पीढ़ियां देश-प्रदेश का नाम रोशन करती हैं।

सीएम शर्मा रविवार को एक दिवसीय जोधपुर यात्रा के दौरान गांधी मैदान में आयोजित 'जीने की कला' विशिष्ट प्रवचन माला कार्यक्रम में शामिल हुए और संत ललितप्रभ, संत चंद्रप्रभ एवं डॉ. मुनि शांतिप्रिय महाराज से प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत हजारों साल पुरानी है। संत महात्मा हमारी इस संस्कृति के वाहक हैं। सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी आध्यात्मिक रूप से समृद्धता ही हमें दुनिया में एक विशिष्ट पहचान दिलाती है और इसीलिए भारत को 'विश्वगुरु' कहा जाता है।

मुख्यमंत्री ने बाद में चांदपोल स्थित रामस्नेही संप्रदाय जूना रामद्वारा पहुंचकर संत अमृतराम जी महाराज का भी आशीर्वाद लिया।

इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्यमंत्री केके विश्नोई, सांसद मदन राठौड़, विधायक अतुल भंसाली एवं देवेंद्र जोशी उपस्थित रहे।






### 'पीएम सदैव देशवासियों को करते हैं प्रेरित'

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 113वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी जोधपुर के एसएन मेडिकल कॉलेज सभागार में आमजन के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव देशवासियों को प्रेरित करते हैं। उनके द्वारा प्लास्टिक वेस्ट का इको-फ्रेंडली उपयोग करने की सलाह तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की पहल से देश में प्रकृति एवं पर्यावरण को लेकर और अधिक जागरूकता आएगी। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल एवं सांसद मदन राठौड़, राजेंद्र गहलोत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।



## जरूरी खबर

### कल चक्का जाम नहीं चलेंगी 20 हजार प्राइवेट बसें



**जयपुर।** गांवों से शहरों को जोड़ने वाली लगभग 20 हजार स्टेज कैरिज बसें मंगलवार को सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक नहीं चलेंगी। यह चेतावनी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन राजस्थान ने दी है। एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक अनिल कुमार जैन ने बताया कि बस ऑपरेटर्स की ओर से परिवहन विभाग को 23 सूत्रीय मांगे सौंपी गई थी, जिसमें से केवल 13 ही स्वीकार की गई। उसे लेकर भी अभी तक कोई आदेश जारी नहीं किया गया। इस बात से बस ऑपरेटर्स में रोष है।

### नया चेंबर बनाकर खोला सीवर जाम



**जयपुर।** खासा कोठी पुलिया के नीचे पिछले तीन दिन से बह रहे सीवर के पानी की समस्या का हेरिटेज निगम समाधान कर दिया है। इसके लिए हेरिटेज निगम के अधिकारी और इंजीनियर की टीम ने अथक प्रयास कर जाम पड़े मेन सीवर हॉल से 30 मीटर दूर नया चेंबर बनाकर सीवर हॉल में जमा कचरा और मलबा को निकाल दिया। इस संबंध में हेरिटेज निगम के किशनपोल जोन एक्सईएन आशीष गर्ग ने बताया कि खासा कोठी पर बनी हुई सीवर लाइन बहुत पुरानी है।

**जन्माष्टमी पर विशेष:** आमेर में स्थित है दोनों का साथ में देश का एक मात्र मंदिर

# जगत शिरोमणि मंदिर में विराजे हैं मीराबाई के संग कान्हा

**बेधड़क** | जयपुर

राधा और कृष्ण के मंदिर तो खूब हैं, लेकिन क्या आपने ऐसे मंदिर के बारे में सुना है जिसमें कृष्ण और मीराबाई साथ में विराजे हों। नहीं सुना-देखा है तो बता दें कि देश में मात्र एक ही मंदिर ऐसा है और वह है जयपुर के आमेर में स्थित जगत शिरोमणि मंदिर। दक्षिण भारतीय शैली में मंदिर का निर्माण महाराजा मानसिंह प्रथम ने साल 1599 में आरंभ कराया था और यह साल 1608 में बनकर तैयार हुआ। मंदिर का नाम महाराजा मानसिंह प्रथम की महारानी कनकावती ने अपने पुत्र जगत के नाम पर रखा। उनका



मानना था कि पुत्र की याद में बनाए गए इस मंदिर को सदियों तक याद रखा जाएगा। यह मंदिर हिन्दु, मुस्लिम, जैन व राजपूत स्थापत्य कला का अनूठा उदाहरण है।

### 11 लाख 70 हजार रुपए आई थी मंदिर निर्माण की लागत

मंदिर के पुजारी ने बताया कि आमेर के उत्तरी पश्चिमी पहाड़ी तल पर स्थित मंदिर का निर्माण स्थानीय पीले पत्थर, सफेद और काले संगमरमर से किया गया है। मंदिर में पुराण कथाओं के आधार पर गढ़े गए शिल्प दर्शन योग्य हैं। मंदिर का मंडप दो मंजिल का तोरण स्तंभों पर बारीकी से शिल्प गढ़ा गया है। मुख्य उपासना गृह में राधा गिरिधर गोपाल और विष्णु की प्रतिमाएं हैं। भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ की विशाल मूर्ति मुख्य कक्ष के सामने हाथ जोड़े खड़ी है वहीं, सुंदर संगमरमर के पत्थरों से बने सुंदर तोरण द्वार है। यहां दोनों तरफ हाथियों की प्रतिमा है। यहां दीवारों व छतों पर सुंदर भित्ति चित्र बने हैं, जो कि मंदिर की भव्यता को दर्शाते हैं। उस समय मंदिर के निर्माण पर करीब 11,70,000 रुपए खर्च किए थे जिसमें 9,72,000 गर्भ गृह, 1,25,000 गरुड़ की विशाल छतरी एवं 80,000 रु तोरण स्तंभों पर खर्च हुए थे।

### मानसिंह ने स्थापित कराई थी मीरां की मूर्ति

वरिष्ठ गाइड महेश कुमार शर्मा ने बताया कि मीराबाई का विवाह चित्तौड़ के राजा राणा सांगा के पुत्र राजकुमार भोजराज के साथ हुआ था। विवाह के बाद मीराबाई रानी बनी, लेकिन उनके अंतर्मन में सिर्फ कृष्ण का वास था। मीरा अपने पति राजा भोज का सम्मान करती थीं, लेकिन शाम को अपना पूरा समय कृष्ण की भक्ति को देती थीं। उस समय मीराबाई का विरोध भी हुआ, लेकिन उन्होंने कृष्ण की भक्ति नहीं छोड़ी। मीराबाई की कृष्ण भक्ति के चर्चे दूर-दूर तक थे। यही कारण था कि जगत शिरोमणि मंदिर में भगवान कृष्ण के साथ मीराबाई की मूर्ति की स्थापना महाराजा मानसिंह ने कराई

### बॉलीवुड फिल्मों में भी दिख चुका है मंदिर

जगत शिरोमणि का मंदिर बॉलीवुड की फिल्मों की शूटिंग के लिए भी खासी पहचान रखता है। अक्षय कुमार अभिनीति 'भूल भुलैया' और जाह्नवी कपूर अभिनीत 'धड़क' फिल्म की शूटिंग भी इसी मंदिर में हुई थी।

जन्माष्टमी पर मंदिरों में अपराधियों पर रहेगी पुलिस की 'तीसरी आंख'


# गंदी नीयत वाला भक्तों में घुसा तो सॉफ्टवेयर बोलेगा-आ गया बदमाश

**मंदिरों में निगरानी के लिए एक-एक कंट्रोल रूम और पांच-पांच टीमें सादा वस्त्रों में लगाई**

**बेधड़क** | जयपुर

तन्माष्टमी पर मंदिरों में लगने वाली भारी भीड़ में अपराध की नीयत से कोई बदमाश घुसा तो वारदात करने से पहले ही धर लिया जाएगा। इस बार पुलिस ने ऐसी व्यवस्था की है कि जैसे ही वह अपराधी सीसीटीवी कैमरे के सामने से गुजरेगा, सॉफ्टवेयर अलर्ट कर देगा कि-आ गया अपराधी। अलर्ट आतें ही कन्ट्रोल रूम द्वारा टीम को सूचित किया जाएगा जो अपराधी को तुरंत हिरासत में ले लेगी।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर में जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित तीन बडे केन्द्र गोविन्द देव जी, इस्कॉन मंदिर मानसरोवर, अक्षय पात्र मंदिर हैं। इन पर होने



वाले आयोजनों में लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर आपराधिक तत्व सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे लोग भीड़ में जेब काटने, चेन स्नैचिंग, चोरी, मोबाइल स्नैचिंग,मोटरसाइकिल व अन्य वाहन चोरी, छेड़छाड़ जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं।

### सॉफ्टवेयर में डाली क्रिमिनल्स की कुंडली

जोसफ ने बताया कि इन वारदातों को रोकने के लिए जयपुर पुलिस इस बार फेशियल रिकग्निशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से ऐसे अपराधियों की धर पकड करेगी। इसके लिए सभी मंदिरों मे सीसीटीवी कैमरों के साथ फेस रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया गया है। इसमें प्रदेश व अंतरराज्यीय सभी अपराधियों का डाटा व फोटो के साथ पूरी कुंडली फीड की गई है। जब भी ये अपराधी मंदिरों मे पहुंचेगे कैमरा के माध्यम से ये सॉफ्टवेयर तुरंत अलर्ट कर देगा कि उक्त अपराधी आ चुका है। इसके लिए निगरानी के लिए तीनों मंदिरों पर एक एक कन्ट्रोल रूम अलग से बनाकर टीम नियुक्त की गई है। इसकी सहायता के लिए सादा वस्त्रों में पांच पांच टीमें लगाई गई हैं, जो अपराधी तुरंत हिरासत में ले लेगी।


### वारदात करने से पहले धर लेंगे

जोसफ ने बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से कड़ी नजर रखा जाकर अपराधियों को वारदात करने से पूर्व ही हिरासत में ले लिया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि श्रद्धालु बिना किसी भय के कार्यक्रम का आनंद ले सकें।

# स्वयं को संस्कारवान बनाएं: समत्व सागर

**जयपुर।** मुनिश्री 108 समत्व सागर ने कहा कि जीवन में जो व्यक्ति अपनी कीमत पहचान लेता है, वही जीवन में सफलता प्राप्त करता है। जैन लोगों को इसलिए श्रेष्ठ माना जाता है, क्योकि जैन लोग चारित्र में श्रेष्ठ थे। आज लोग अपनी धर्म, संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, इसलिए जरूरत है कि अपने धर्म व संस्कृति को संजोकर स्वयं को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। मुनि टोंक रोड स्थित कीर्ति नगर जैन मंदिर में हुई धर्मसभा में जैन संस्कृति के बारे में बता रहे थे।

उन्होंने कहा कि जितने भी प्राचीन जैन मंदिर हैं, वे सभी हमारी धरोहर हैं। इन सभी धरोहरों सें प्रेरणा लेकर अपनी जैन संस्कृति पर गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। पूर्व में भी अर्थव्यवस्था जैन समाज का योगदान हुआ करता था और वर्तमान में भी जैन बंधु देश की



अर्थ व्यवस्था में महत्वपूर्ण निभा रहे हैं। जैन धर्म का हर सिद्धांत हम जीवन को सुखमय जीवन की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि आज लोग भगवान महावीर को तो मानते है लेकिन भगवान महावीर की नहीं मानते हैं। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरुण जैन व महामंत्री जगदीश चन्द जैन, प्रचार प्रसार मंत्री आशीष बैद ने बताया कि सोमवार को सुबह 6:30 बजे अभिषेक क्रिया शुरू होगी। इसके बाद श्रीजी की शांतिधारा के बाद नित्य नियम पूजा के बाद मुनि के प्रवचन होंगे।


S.S. JAIN SUBODH P.G. COLLEGE
(An Autonomous Institution)
(Affiliated to University of Rajasthan, Jaipur)
Rambagh Circle, Jaipur

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC
1st RANK College in india
NAAC re-accreditation in 3rd Cycle
A++ Grade with 3.82 CGPA
Highest in the Country

81st Ranked College of India
(India Ranking 2024 : College Category)
NIRF (Ministry of Education, Government of India)

Online Admission Form Available

INDIA TODAY — 1st RANK College in Rajasthan Ranked by India Today 2024 Under 50 in India ALL INDIA RANK BCA-20, BBA-20 COMMERCE-49, ARTS-44 SCIENCE-44, MAJMC-37, MSW-27
EW — 1st RANK Autonomous College in Rajasthan Ranked by Education World 2024 ALL INDIA RANK 15 Grand Jury Award India Higher Education Rankings 2024-25 in the category Diversity, Inclusion & Equity Champion in the EducationWorld
THE WEEK — 1st RANK College in Rajasthan Ranked by The Week 2024 Under 50 in India ALL INDIA RANK COMMERCE-23 SCIENCE-32 ARTS-29, MAJMC-20
ICCI — 1st RANK College in Rajasthan Ranked by ICCI-2023 Best Private under graduate college in Rajasthan
OUTLOOK — 1st RANK College in Rajasthan Ranked by OUTLOOK 2024 ALL INDIA RANK BBA-48 COMMERCE-50 SCIENCE-66
OPEN — 1st RANK College in Rajasthan Ranked by Open Magazine 2023 ALL INDIA RANK Science-8, Commerce-6, Arts-9, BBA-14, BCA-14, Mass Communication-14
B4Q WORLD MAGAZINE — 1st RANK College in Rajasthan Ranked by B4Q World Magazine (UK Based) 2022 All India Rank-69
THE ACADEMIC INSIGHTS — 1st RANK College in Rajasthan Most Prominent Degree College 2024-25 Ranking by The Academic INSITE

ADMISSION OPEN 2024-25
▪ B.A. ▪ B.Com. ▪ B.Sc. (Maths & Biology) ▪ BBA (HR/Finance/Marketing)
▪ B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Botany, Zoology) ▪ BCA ▪ MCA
▪ B.A. (History, Pol. Sc., Geography, English) ▪ B.Com. (ABST, Bus. Adm. EAFM)
M.Sc. Physics, Chemistry, Maths, Botany, Zoology, Geography, Environmental, Science, Information Technology, Statistics, Biotechnology, Microbiology, Psychology
M.Com. (ABST, Bus. Adm. EAFM)
M.A. Political Science, Public Admn., History, Geography, Yoga, Hindi, Economics, Psychology, Maths, Statistics, Sociology, Social Work, English Journalism & Mass Communication,
▪ PGDCA

• Re-accredited with A++ Grade (3.82 CGPA) in third cycle, A Grade with (3.72 CGPA) in Second cycle, A Grade with (89.1 Percentile)
• NIRF Ranked College for the 6th Consecutive year 2024 : 81, 2023 : 101-150, 2022 : 101-150, 2021 : 81, 2020 : 151-200, 2019 : 151-200
• Only NIRF Ranked College in Rajasthan
• STAR STATUS recognized College by DBT, Govt. of India, New Delhi
• Awarded status of "College of Excellence (CE)" by UGC, New Delhi
• Awarded status of "College with Potential for Excellence (CPE) Twice by UGC, New Delhi
NEP 2020 & CBCS implemented

Oldest Autonomous College of Rajasthan since 2012
Biggest Co-education College for all the UG & PG Courses
For any enquiry & online Admission Visit : www.subodhpgcollege.com
General Championship in Sports of University of Rajasthan Since last 11 years

Admission Forms also available in the college campus from 10.00 am to 4.00 pm
Enquiry Numbers: 2565989, 2569850, 2574780

Admission Counsellers
B.Sc./M.Sc. - : Dr. Manisha Mathur - 9414048602
B.Com/M.Com - : Dr. Devendra Sharma - 9314503592
BA/MA - : Dr. Shaffali Jain - 9660220598
BBA/BCA - : Dr. Mamta Sharma - 7878632261

S.S. Bothra, Hony. Secretary
Vinod Lodha, Jt. Secretary & Treasurer
Anil Kumar Gokhroo, Convener (College)
Prof. K.B. Sharma, Principal
S.S. Jain Subodh Shiksha Samiti, Jaipur

• Robust Academic Environment
• Highly Qualified and Experienced Faculty
• Seperate Sections For English & Hindi Medium Students
• Hi-Tech Well Equipped Laboratories
• Well Enriched Library & E-library
• Career Counseling & Placement Cell
• All Top Sports Facilities Available
• NCC/NSS / Rovers & Rangers
• Wi-fi Campus, VSAT Smart Classrooms
All SC/ST/OBC/MBC Govt. Scholarship Available

बांध के कैचमेंट एरिया में हो रही है पानी की जोरदार आवक... 17060 क्यूसेक पानी किया गया रिलीज

# धौलपुर के पार्वती बांध के खोले 10 गेट... 50 गांवों पर बाढ़ का संकट

बेधड़क | धौलपुर

जिले में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। बांध, नदी, तालाब, पोखर एवं जलाशय पानी से लबालब हो गए। जिले के सबसे बड़े पार्वती बांध की झोली पानी से भर चुकी है। करौली एवं जिले के डांग क्षेत्र से पानी की आवक अधिक होने की वजह से सिंचाई विभाग ने रविवार सुबह पार्वती बांध के 10 गेट खोलकर 17060 क्यूसेक पानी पार्वती नदी में रिलीज किया गया है।

जल संसाधन विभाग के एईएन दिनेश परमार ने बताया करौली एवं जिले के डांग क्षेत्र में हुई बारिश का पानी पार्वती डैम में पहुंच रहा है। पार्वती बांध की भराव क्षमता 223.41 मीटर है। मौजूदा वक्त में जल स्तर 223.40 मीटर तक पहुंच गया है। बांध के कैचमेंट एरिया में पानी की जोरदार आवक हो रही है। उन्होंने बताया क्षेत्र में मूसलाधार बारिश की वजह से पानी में भारी इजाफा हो रहा है। बांध के 10 गेट तीन खोलकर पानी छोड़ा किया जा रहा है।





### राजाखेड़ा नदी की रपट पर चली चादर

पार्वती बांध के गेट खोलकर पानी छोड़े जाने से राजाखेड़ा क्षेत्र में नदी में पानी की जोरदार आवक हुई है। यहां के नादोली गांव की रपट पर ढाई फीट पानी की चादर चल रही है। यहां पर कोई कर्मचारी नहीं होने से दुपहिया और चारपहिया वाहन चालक बिना रोक टोक रपट से गुजर रहे हैं। इससे कभी भी कोई भी घटना घटित हो सकती है।

### साल 2021 में बिगड़े थे हालात

साल 2021 में धौलपुर जिले में पार्वती बांध से हालात बिगड़े थे। उस समय दो दिन की बरसात ने बांध को लबालब भर दिया था। पानी की अधिक आवक होने पर 18 गेट खोलकर पानी छोड़ा गया था। उस समय बसेड़ी, बाड़ी, सैंपऊ एवं धौलपुर उपखंड के करीब 50 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए थे।

### अजमेर की आनासागर और फॉयसागर झील ओवरफ्लो

अजमेर, सवाई माधोपुर और पाली जिले में हो रही अच्छी बरसात से नदी नालों में उफान आ गया है। अजमेर शहर में बीते 24 घंटों में 80 एमएम बारिश हुई। शहर में मौजूद दोनों झील आनासागर और फॉयसागर ओवरफ्लो हो गई हैं। आनासागर झील की क्षमता 13 फीट है। यहां 1 फीट 6 इंच का ओवरफ्लो है। वहीं, फॉयसागर झील की क्षमता 26.9 फीट है और 6 इंच ओवरफ्लो है।

### धौलपुर में नदी में बहा एक युवक

धौलपुर में भारी बारिश होने से नदी उफान पर है। नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। तेज बहाव में तीन युवक अपनी बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी अचानक उनकी बाइक पानी में फंस गई और तीनों युवक पानी में बह गए। यह देखकर आस-पास के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कुछ साहसी लोग पानी में कूद गए और दो युवकों को तो बचा लिया, लेकिन संतोष कुमार जाटव पानी के तेज बहाव में बह गया। पानी में डूबने से संतोष की मौत हो गई।

## जरूरी खबर

### एक ही परिवार के 6 बच्चों की बिगड़ी तबीयत, दो मरे



**धौलपुर।** जिले के मनिया थाना क्षेत्र के कोटपुरा गांव में अचानक एक ही परिवार के छह बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उसके बाद परिजन बच्चों को लेकर मनिया के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उपचार के दौरान दो बच्चों की मौत हो गई, वहीं चार बच्चों को धौलपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पेट में दर्द और उल्टी दस्त की शिकायत होने पर दो बच्चों को मनिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो साल की बच्ची निधि और 9 साल के बच्चे शैलेंद्र की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

### सौतेले पिता ने रची थी बेटे के अपहरण की साजिश

**दौसा।** जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में स्थित बालाजी मोड़ से एक बच्चे के अपहरण मामले में बालाजी थाना पुलिस ने मासूम बच्चे के अपहरण के एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को उसके घर में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। बालाजी थाना प्रभारी गौरव प्रधान ने बताया कि उक्त प्रकरण में आरोपी निरंजन और राहुल पिछले 6 माह से फरार थे। ऐसे में मुखबिरों के जरिए आरोपी के घर पर निगरानी की गई। इस दौरान आरोपी राहुल के घर आने की सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के बालाजी मोड़ पर बालाजी दर्शनों के लिए अपने परिजनों के साथ आए एक मासूम का उसके सौतेले पिता ने ही कुछ लोगों से अपहरण करवा दिया था।

उदयपुर के देवराज हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा

# बाप ही चाहता था बेटा बने 'डॉन' 400 रुपए में दिलाया था चाकू

### धौंस जमाने को रखता था चाकू

बेधड़क | उदयपुर

उदयपुर में हुई चाकूबाजी की घटना में एक छात्र की मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। आरोपी का पिता ही चाहता था कि उसका बेटा बड़ा गुंडा बने। पिता ने ही बेटे को 400 में चाकू दिलाया था। उदयपुर के सरकारी स्कूल के दसवीं क्लास के छात्र देवराज की उसके सहपाठी ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। अब इस मामले में पुलिस की पूछताछ में एक बड़ा खुलासा हुआ है।

खुलासे में सामने आया है कि आरोपी छात्र का पिता अपने बेटे को बड़ा गुंडा बनाना चाहता था। इसलिए वह उसे अपराध करने के लिए लगातार प्रेरित कर रहा था। आरोपी के पिता ने ही अपने बेटे को 400 रुपए में चाइनीज चाकू खरीद कर दिया था। इसके बाद से आरोपी छात्र धौंस जमाने के लिए हर समय चाकू अपने साथ रखकर घूमता था।



### अपराध के लिए उकसाता था पिता

पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी का पिता अपने बेटे को गुंडा बनने के लिए लगातार प्रेरित कर रहा था। इसके लिए उसने उसे 400 रुपए में चाइनीज चाकू खरीद कर दिया। अपराध के लिए अपने पिता से प्रेरित होने पर आरोपी छात्र के हौसले बुलंद हो गए और वह धौंस जमाने के लिए हर समय चाकू लेकर घूमने लगा। वही घटना के तीन-चार दिन पहले किसी बात पर विवाद को लेकर आरोपी छात्र ने इंस्टाग्राम पर देवराज को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद घटना के दिन पता चला कि दोनों के बीच पारिवारिक टिप्पणी को लेकर विवाद बढ़ गया था और आरोपी छात्र ने वारदात को अंजाम दिया।

### यह था पूरा घटनाक्रम

16 अगस्त को 10वीं के दो छात्रों में होमवर्क कॉपी को लेकर को लेकर विवाद हुआ था। इससे पहले भी दोनों के बीच क्लास में झगड़ा हुआ था, हालांकि इसके बाद मामला शांत हो गया था। इसके बाद आरोपी छात्र ने सहपाठी देवराज को स्कूल के बाहर गेट पर बुलाकर उसकी जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। इससे देवराज बुरी तरह लहूलुहान हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान वह अस्पताल के आईसीयू वार्ड में तीन दिन तक वेंटिलेटर पर रहा और बचाने के भरसक प्रयासों के बाद उसने रक्षाबंधन के दिन दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी को न्यायालय ने बाल सुधार गृह भेज दिया है। शिक्षा विभाग ने स्कूल की प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया था और वरिष्ठ अध्यापक को एपीओ कर दिया है।

### आरोपी का बाप सटोरिया

बता दे कि जिस दिन आरोपी छात्र ने देवराज पर हमला किया था, उसी दिन 16 अगस्त को पुलिस ने उसे और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी छात्र को बाल सुधार गृह भेजा गया है, जबकि पुलिस आरोपी के पिता से लगातार पूछताछ रही है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी का पिता सटोरिया है, जो अपने बेटे को बड़ा गुंडा बनाना चाहता था। वह उसे अपराध करने के लिए लगातार उकसाता रहता था। पिता के इस तरह उकसाने के बाद ही उसने अपने सहपाठी देवराज से लड़ाई करने के बाद चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। वही पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी पिता को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

खेलते-खेलते फिसल गया था पैर

# तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत



बेधड़क | नागौर

डीडवाना शहर के शीतल कुंड बालाजी मंदिर के सामने स्थित तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। SI लीलाराम ने बताया कि दोनों मासूम अपने घर से बस्ती की तरफ खेलते हुए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक दोनों मासूमों का पैर फिसलने की वजह से दोनों तालाब में गिर गए और डूबने से दोनों मासूमों की मौत हो गई।

बच्चों के तालाब में डूबने की सूचना पर लोग मौके पर पहुंचे और दोनों मासूमों को तालाब से बाहर निकाला और मासूमों को राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर डीडवाना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों मासूम बच्चों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

### अस्पताल में धरने पर बैठे परिजन

घटना के बाद परिजन अपनी मांगों को लेकर अस्पताल परिसर में ही धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना पर नायब तहसीलदार नगर परिषद और डीडवाना डिप्टी मौके पर पहुंचे और परिजनों से समझाइश का प्रयास किया। एसआई लीलाराम ने बताया कि बच्चों के परजिन गुजरात के रहने वाले हैं और काफी वर्षों से यही रह रहे थे। नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की सभी मांगों को राज्य सरकार को भेजा जाएगा और जो भी जायज मांगें हैं, उन्हें जल्द पूरा कराया जाएगा।

सालासर-सुजानगढ़ सड़क मार्ग पर हुआ हादसा

# बाइक पर पलटा लकड़ियों से भरा ट्रक, तीन युवकों की मौत

बेधड़क | चूरू

सुजानगढ़ सड़क मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सालासर-सुजानगढ़ सड़क मार्ग पर पार्वतीसर पुलिया के पास बाइक पर लकड़ियों से भरा ट्रक पलट गया। हादसे में मौके पर ही बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत में युवक को सीकर रेफर कर दिया।



सद्दाम | शाहरुख | सोयल

हालांकि उसने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की सहायता से लकड़ियों को हटाकर मृतकों के शवों को बाहर निकाला और मृतकों के शव को सालासर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी की सहायता से वाहनों को साइड करवा रास्ता खुलवा कर यातायात व्यवस्था को सुचारू करवाया। सालासर थानाधिकारी पुष्पेंद्र ने बताया कि बाइक सवार सुजानगढ़ निवासी शाहरुख खान (22), सद्दाम (22) और सोयल (22) बाइक से सुजानगढ़ जा रहे थे कि तभी ये हादसा हुआ।

श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया भव्य स्वागत

# 'श्रीश्याम अखंड ज्योत' पहुंची चाकसू

बेधड़क | चाकसू

श्री श्याम आराधना एवं अखंड ज्योत दर्शन रथ सेवा यात्रा भारत के विभिन्न राज्यों के भ्रमण के बाद रविवार शाम को चाकसू चंपावती नगरी पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर मामोड़िया मोहल्ला नीलकंठ रोड स्थित निर्माणाधीन श्रीश्याम मंदिर पर भजन कीर्तन सहित दर्शन के लिए उमड़ी भीड़ में खासा उत्साह देखा गया। क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा सहित अनेक जनप्रतिनिधि श्याम प्रेमी भक्तों ने अखंड ज्योत के दर्शन और पूजा अर्चना कर सामूहिक आरती में



भाग लिया। इससे पूर्व कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर अखंड ज्योत रथ सेवा यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। श्री श्याम बाबा का रथ सेवा को लेकर चाकसू के श्रदालुओं में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान मंदिर समिति के लोगों ने विधायक व धर्म प्रचारक पंडित गिरिराज शरण दास महाराज को श्याम दुपट्टा एवं स्मृति में भगवान की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया।

इस दौरान विधायक के साथ उद्योगपति रामेश्वर प्रसाद शर्मा, रामवतार मामोड़िया, पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा, पार्षद दिनेश शर्मा, पार्षद मांगीलाल बैरवा, राजेश खटाणा, योगेश कुमावत समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

कृपाल जघीना हत्याकांड: तीसरे की तलाश जारी

# 25 हजार का इनामी बदमाश बंशी पहलवान और दो शूटर गिरफ्तार

बेधड़क | भरतपुर

बहुचर्चित कृपाल जघीना हत्याकांड मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश बंशीधर उर्फ बंशी पहलवान और दो शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे शूटर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। तीनों शूटर की हाल ही तफ्तीश में पहचान की गई थी।

अभी तक ये शूटर पहचान नहीं होने की वजह से खुले घूम रहे थे, जबकि एक शूटर भरत चौधरी ने तो इस दौरान फायरिंग की कई वारदातें भी की थी, फिलहाल पुलिस तीनों गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

एएसपी मुख्यालय लालचंद कायल ने बताया कि डीएसटी टीम और मथुरा गेट थाना पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश शहर के सूरजमल नगर निवासी बंशीधर उर्फ बंशी पहलवान (26) को गिरफ्तार किया है। साथ ही शहर के रूंधिया नगर निवासी शूटर लोकेंद्र उर्फ लक्की (23) और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के हरजी का वास निवासी अन्य शूटर भरत चौधरी उर्फ भोला को गिरफ्तार किया है। इनके साथ एक तीसरा शूटर और था, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

एएसपी लालचंद ने बताया कि गिरफ्तार दोनों शूटर और तीसरा अन्य शूटर कृपाल जघीना हत्याकांड के समय घटनास्थल पर मौजूद थे। तीनों शूटर की पहचान हाल की तफ्तीश में हो सकी है, जिसके बाद इनको अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया है। पहले इनकी पहचान नहीं हो सकी थी, जिसकी वजह से ये खुले घूम रहे थे।



### कुलदीप की भी हो चुकी हत्या

गैंगस्टर कुलदीप जघीना की जयपुर जेल से पेशी के लिए भरतपुर लाते समय 12 जुलाई 2023 को जिले के आमोली टोल पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटनाक्रम में कुलदीप का साथी व कृपाल हत्याकांड का आरोपी विजयपाल भी घायल हुआ था।

### ये था मामला

गौरतलब है कि 5 सितंबर,2022 को सतवीर सिंह ने थाने में मामला दर्ज कराया था, जिसमें उसने बताया था कि 4 सितंबर 2022 को कृपाल जघीना सर्किट हाउस से अपने वाहन से घर जा रहा था। इस दौरान जघीना गेट पर षड्यंत्र के तहत कुलदीप, कुंवर, विजयपाल, हरपाल, प्रभाव, शेर सिंह, मौना, सुधांशु गौड़, कौशल, योगराज और 8-10 अन्य लोगों ने उसे घेरकर गोली मार दी। मामले में अब तक कुल 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें से 9 के खिलाफ कोर्ट चार्जशीट पेश कर दी गई है।

# 20 साल से फरार बदमाश अरेस्ट

**बारां।** जिला पुलिस ने 20 साल से फरार मुलजिम ट्रक चालक कादर भाई व ट्रक मालिक मोहम्मद हनीफ भाई को गुजरात के साबरकांठा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों पुलिस से बचने के लिए फरार चल रहे थे।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बारां ने दोनों को स्थाई उद्घोषित अपराधी घोषित किया हुआ था। दोनों वर्ष 2004 से ही फरार चल रहे थे। दोनों पर 4-4 हजार रुपए का इनाम था। पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने बताया कि 16 अगस्त, 2004 को फरियादी नाथूलाल पुत्र कन्हैयालाल महाजन



ने थाना कोतवाली पर रिपोर्ट पेश की थी कि 26 फरवरी, 2004 को फर्म मैसर्स नाथूलाल अशोक कुमार कृषि उपज मंडी बारां से करीब 200 क्विंटल वजन की 232 सरसों की बोरी मेहसाना, गुजरात भेजी थी। इस सरसों की कुल कीमत 4,23,980 रुपए थी। गुजरात निवासी ट्रक चालक कादर भाई और ट्रक मालिक मोहम्मद हनीफ भाई थे। ट्रक चालक राजस्थान सेल्स टैक्स नाका रतनपुर पर प्रविष्टि नहीं कराकर जबरन ले गया। इससे ट्रक को सैल्स टैक्स द्वारा पकड़कर खड़ा किया गया था।

सरसों से भरे इस ट्रक को चालक व मालिक ने छुड़वा लिया, लेकिन गुजरात नहीं पहुंचाया गया। सेल्स टैक्स की जुर्माना राशि एक लाख रुपए मांगकर ट्रक के माल को रोक लिया व सरसों को खुर्दबुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर घटना में प्रयुक्त ट्रक जब्त कर लिया।

IWAI Recruitment 2024 में मैट्रिक से लेकर इंजीनियरिंग डिग्री वालों के लिए मौका

# एमटीएस, स्टोर कीपर, कार ड्राइवर सहित अन्य पदों पर वैकेंसी

बेधड़क | जयपुर

सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) की ओर से मल्टी टास्किंग स्टाफ (MTS), स्टोर कीपर, स्टाफ कार ड्राइवर समेत विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 सितंबर रखी गई है। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी इस भर्ती में शामिल होने के लिए तय तिथियों के अंदर ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट iwai.nic.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

### कैसे करें आवेदन

इस भर्ती में आवेदन के लिए सर्वप्रथम iwai.nic.in पर जाकर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद भर्ती पोर्टल पर आपको To Register लिंक पर क्लिक करके पहले पंजीकरण कर लेना है। रजिस्ट्रेशन होने के बाद अभ्यर्थी Already Registered? To Login पर क्लिक करके अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। भर्ती में आवेदन के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को 500 रुपए एवं एससी/ एसटी वर्ग को 200 रुपए का भुगतान करना होगा।

### पात्रता एवं मापदंड

इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी का पदानुसार 10वीं/ बैचलर डिग्री/ इंजीनियरिंग डिग्री सहित अन्य पात्रता होनी चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी की अधिकतम आयु पद के अनुसार 25/ 35 वर्ष से ज्यादा न हो। पदानुसार विस्तृत योग्यता की जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन अवश्य कर लें।



### किस पद के लिए कितनी वैकेंसी

- मल्टी टास्किंग स्टाफ (MTS): 11 पद
- जूनियर अकाउंट्स ऑफिसर: 5 पद
- असिस्टेंट हयड्रोग्राफिक सर्वेयर (AHS): 1 पद
- लाइसेंस इंजन ड्राइवर: 1 पद
- ड्रेज कंट्रोल ऑपरेटर: 5 पद
- स्टोर कीपर: 1 पद
- मास्टर 2nd क्लास: 3 पद
- स्टाफ कार ड्राइवर: 3 पद
- मास्टर 3rd क्लास: 1 पद
- टेक्निकल असिस्टेंट: 4 पद
- असिस्टेंट डायरेक्टर (Engg): 2 पद

## Yuva स्टोरीज

### मुस्लिम महिलाओं ने इंद्रेश कुमार को बांधी राखी



बेधड़क | जयपुर

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की ओर से राजपूत सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं ने इंद्रेश कुमार को राखी बांधकर देश को एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर इंद्रेश कुमार ने बताया कि किस तरह से देश में विविध जातियों और समुदायों के पश्चात भी इस तरह के कार्यक्रम एकता और प्रेम का सन्देश देते हैं। इस मौके पर मुख्य वक्ता इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संरक्षक एवं मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, जयपुर शहर से सांसद मंजू शर्मा, हिमालय परिवार के राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग सिंह, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक अबू बकर नकवी और रेशमा उपस्थित रहीं।

### डॉ. नमिता मित्तल को मिला संस्कृतोपासक सम्मान



बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में आयोजित संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत समापन समारोह में संस्कृतोपासक सम्मान से डॉ. नमिता मित्तल, डॉ. रेखा पाण्डेय, दीपक मुदगल, मनमोहन दाधीच, दो आधुनिक विभाग के प्राध्यापकों और दो टंकणकर्ताओं का सम्मान किया गया। ये आधुनिक क्षेत्र में रहकर भी सर्वदा संस्कृत में भाषण संभाषण अध्यापन का कार्य करने पर किया गया। संस्कृत सप्ताह आयोजन समिति के संयोजक डॉ. डम्बरुधर पति ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि राहुल द्विवेदी अध्यक्ष पर्यावरण-वन-जलवायु-परिवर्तन संवर्धन-परिषद, नव देहली भारत सरकार, मुख्य वक्ता डॉ. श्रीकान्त क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सारस्वत, रंजीत कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक, राजस्थान यूनियन बैंक आफ इण्डिया थे। अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. सुदेश शर्मा एवं विशेष मार्गदर्शक शिक्षा शास्त्र विद्या शाखा के अध्यक्ष प्रो. वाईएस रमेश थे।

### भक्तों ने गाई बधाई और लूटी उछाल



बेधड़क | जयपुर

गोपालपुरा बाईपास स्थित परमहंस धाम आश्रम रिद्धि सिद्धि चौराहा जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर भव्य झूला महोत्सव मनाया गया। प्रवक्ता सुनीता रमेश सैनी ने बताया कि श्री सतपाल महाराज और माता अमृता जी के स्वागत में महात्मा शाखम्बरी बाई और रक्षितानन्द के द्वारा सेवा सत्संग प्रवचन हुए। झूला महोत्सव के अंतर्गत ठाकुर जी को भव्य फूलों के झूले में विराजमान कराकर फूल बंगला झांकी सजाई गई। इस मौके पर रसिक जनों ने झूले का पद गायन कर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। बधाई गान के दौरान टॉफी, कपड़े, खिलौने, मिठाई और सूखे मेवे की जमकर उछाल की गई। आश्रम परिसर को रंगीन गुब्बारों और बंदरवाल से सजाया। हजारों की संख्या में भक्तों ने भंडारे में पंगत प्रसादी ग्रहण की।

केंद्रीय आयुष प्रवेश परामर्श समिति ने किया शेड्यूल जारी

# आयुष नीट यूजी काउंसलिंग के लिए 28 से होंगे रजिस्ट्रेशन



बेधड़क | जयपुर

बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एवं सर्जरी (बीएएमएस), होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएचएमएस), यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी (बीयूएमएस), बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा (बीएनवाईएस), बैचलर ऑफ सिद्ध मेडिसिन एंड सर्जरी (बीएसएमएस) कोर्स में प्रवेश के लिए केंद्रीय आयुष प्रवेश परामर्श समिति (एएसीसीसी) की ओर से काउंसलिंग शेड्यूल जारी कर दिया गया है। एएसीसीसी की ओर से आयुष नीट यूजी काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 28 अगस्त से शुरू कर दी जाएगी जो 2 सितंबर तक ओपन रहेगी। आयुष नीट यूजी काउंसलिंग में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी एएसीसीसी की ऑफिशियल वेबसाइट aaccc.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। सभी डिटेल भरने के बाद शुल्क जमा करना होगा। रजिस्ट्रेशन करने के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को फीस के रूप में 1000 रुपए का भुगतान करना होगा। इसके अलावा एससी एवं एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 500 रुपये तय किया गया है।

### राउंड 1 में कब क्या होगा

- रजिस्ट्रेशन शुरू होने की तिथि: 28 अगस्त 2024
- पंजीकरण की लास्ट डेट: 2 सितंबर 2024
- च्वाइस फिलिंग/ लॉकिंग: 29 अगस्त से 2 सितंबर 2024
- अलॉटमेंट रिजल्ट जारी होने की तिथि: 5 सितंबर 2024
- आवंटित संस्थान में रिपोर्ट करने की डेट्स: 6 से 11 सितंबर 2024
- दस्तावेज सत्यापन की तिथि: 12 से 13 सितंबर 2024

### तीन चरणों में पूरी होगी काउंसलिंग

आयुष नीट यूजी काउंसलिंग 2024 कुल 3 चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण की काउंसलिंग पूरी होने के बाद 18 सितंबर से दूसरे चरण की काउंसलिंग के लिए पंजीकरण शुरू हो जाएंगे। काउंसलिंग से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### SSC GD कांस्टेबल के लिए नोटिफिकेशन कल!

**जयपुर**। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) और NIA सहित अन्य में GD कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के लिए स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (SSC) की ओर से नोटिफिकेशन 27 अगस्त को जारी की जा सकती है। नोटिफिकेशन ऑनलाइन माध्यम से एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जारी की जाएगी। अधिसूचना के साथ ही एसएससी की ओर से इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी, जिसके बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से तय तिथियों के अंदर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। एसएससी की वेबसाइट पर भर्ती के लिए संभावित तिथियों की जानकारी दी गई है। इसके अनुसार एसएससी जीडी भर्ती 2025 के लिए अधिसूचना 27 अगस्त को जारी की जाएगी। इसके साथ ही इसी दिन से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर बताई गई है। वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार परीक्षा जनवरी या फरवरी 2025 में हो सकती है। एसएससी जीडी भर्ती 2025 में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों का का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10वीं/ मैट्रिक पास होना अनिवार्य है। न्यूनतम आयु निर्धारित कटऑफ डेट से 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 23 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। एसटी/ एससी वर्ग को 5 वर्ष, ओबीसी को 3 वर्ष तक ऊपरी आयु में छूट दी जाएगी। भर्ती में शामिल होने के लिए पुरुष की न्यूनतम लंबाई 170 सेमी तथा महिला उम्मीदवारों के लिए 157 सेमी निर्धारित है। शेड्यूल ट्राइव, नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स सहित अन्य आरक्षित क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए लंबाई अलग-अलग तय है।

## 21 हजार पार्थिव (मिट्टी) के शिवलिंग बनाकर किया अनुष्ठान



बेधड़क | जयपुर

मैथिली महिला मंच ने भाद्रपद की षष्ठी पर रविवार को 21 हजार पार्थिव (मिट्टी) के शिवलिंग बनाकर अनुष्ठान किया। प्रतापनगर के सेक्टर 14 स्थित शनि मंदिर में आयोजित इस अनुष्ठान में समाज की महिलाओं ने कवि विद्यापति के लिखे शिव आराधना के गीत गाते हुए। करीब 3 घंटे में 21 हजार शिवलिंग बनाने का काम पूरा किया। इसके बाद शिव की विधिवत पूजा अर्चना कर आहुती दी गई। मंच की अध्यक्ष बबीता झा ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन से मनोकामना पूर्ण होती है। उपाध्यक्ष ममता झा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में 21 हजार पार्थिव शिवलिंग विधान का कार्यक्रम पंडित रूपम ठाकुर के निर्देशन में किया गया। इसमें 9 जोड़ों ने पूजा पर बैठकर शिव की मंत्रोच्चार के साथ आराधना की। मंच की कोषाध्यक्ष अंजु ठाकुर के अनुसार ग्यारह जोड़ों ने पार्थिव महादेव पर जलाभिषेक, दूध से अभिषेक और हवन करते हुए विसर्जन किया।

पार्थिव शिवलिंग पवित्र नदी की मिट्टी से बनाया गया। इसकी पूजा से करोड़ों यज्ञों के बराबर पुण्य मिलता। अनुष्ठान में पुष्पा मिश्रा, रेखा चौधरी, रेखा ठाकुर, रेणु सिंह, मीरा ठाकुर, रानी झा, मधु झा, संगीता चौधरी, तुलसी मिश्रा, माणिका मिश्रा, निधि शेखर, चन्दना झा, ममता झा, गुड़िया ठाकुर, रेखा मिश्रा, मिथिलेश झा, लक्ष्मी पंडित, पूजा चौधरी, काजल पंडित और कमलेश ने भाग लिया।

### खिलाड़ियों को दिलाएंगे फिट इंडिया की शपथ

**जयपुर**। चौगान स्टेडियम में सोमवार सुबह 7 बजे प्रभात फेरी के साथ खेल सप्ताह की शुरुआत होगी।

प्रभात फेरी लंगर के बालाजी, नीमड़ी पुलिस चौराये से नाहरगढ़ रोड से राजा शिव दास जी का चौराहा होते हुए गणगौरी बाजार चौराहे होते हुये चौगान स्टेडियम पहुंचेगी। इससे पूर्व सभी खिलाड़ियों को फिट इंडिया की शपथ भी दिलाई जाएगी। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव सोहनराम चौधरी ने बताया कि आम जनता की खेलों में भागीदारी बढ़ाने व देश में खेल व फिटनेस कलचर स्थापित करने के उद्देश्य से खेल सप्ताह का आयोजन प्रदेश भर में 26 से 31 अगस्त तक व्यापक व ग्रासरूट लेवल तक किया जा रहा।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस के उपलक्ष में पहली बार हो रहे इस छह दिवसीय कार्यक्रम की सभी जिलों और संभाग मुख्यालयों पर शुरुआत सोमवार से होगी। इसी दिन शाम को 3 से 5 बजे तक खेल मैदानो को दुरुस्त करने के लिए खिलाड़ियों द्वारा श्रमदान किया जाएगा।

समारोह | राजस्थान ब्राह्मण महासभा का आयोजन

# युवा प्रतिभाओं के संग अभिभावकों का भी सम्मान

- वक्ताओं ने कहा- ब्राह्मण अग्रणी सोच के धनी



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान ब्राह्मण महासभा विद्याधर नगर इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि पंडित केसरी चंद शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, पंडित बालमुकुंदा आचार्य विधायक हवामहल, पंडित गोपाल शर्मा सिविल लाइन का मार्गदर्शन मिला।

विशिष्ट अतिथि पंडित रामानंद शर्मा उपसचिव राजस्थान सरकार, पंडित गोविंद जौहरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित रविशंकर शर्मा अध्यक्ष विद्याधर नगर द्वारा की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान ब्राह्मण बंधुवों का सम्मान किया गया एवं उनके साथ-साथ उनके माता-पिता का भी सम्मान किया गया। ब्राह्मण अग्रणी सोच रखने वाले व्यक्तित्व के धनी थे और धनी रहेंगे, क्योंकि ब्राह्मण ही एकमात्र ऐसे हैं जो सबको साथ लेकर सबका विकास करने वाले होते हैं। कार्यक्रम का संचालन पंडित बाबूलाल शर्मा एवं सहयोगी पंडित संदीप शर्मा द्वारा की गई।


कार्यक्रम के अंत में प्रमुख महामंत्री पंडित शिव राम शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बजरंग लाल शर्मा, दामोदर शर्मा, विजय कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, शिवदयाल मिश्रा योगेश शर्मा मीडिया प्रभारी, एसके शर्मा, रामचंद्र शर्मा, पार्षद रूप कंवर, प्रेम देवी शर्मा पार्षद, प्रियंका शर्मा प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ, ममता शर्मा आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ए. के. हंगल... हिंदी सिनेमा का भला आदमी



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

फिल्म अभिनेता का स्मृति दिवस



> रंगमंच से जुड़े होने के कारण हंगल के अभिनय में सहजता थी। जिसकी वजह से वे हर किरदार में आसानी से ढल जाया करते थे। वह इप्टा के नाटकों में मुसलसल काम करते रहे। इप्टा के सांगठनिक कार्यों में भी वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने इप्टा में कई सांगठनिक पदों पर काम किया।

ए. के. हंगल के नाम का जैसे ही तसव्वुर करो, तुरंत हमारी आंखों के सामने एक ऐसी शख्सियत आ जाती है जो सौम्य, शिष्ट, सहृदय, सभ्य, गरिमामय, हंसमुख है और इस सबसे बढ़कर, एक अच्छा इंसान। भला आदमी! हिंदी सिनेमा का भला आदमी। आधी सदी तक हिन्दी फिल्मों में लगातार भले मानुष का किरदार निभाने वाले हंगल आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा की गई 200 से ज्यादा फिल्में, हिंदी रंगमंच, भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) और देश की आजादी में किया गया काम, उनकी याद दिलाता है। अविभाजित भारत के सियालकोट (जो कि अब पाकिस्तान में है) में जन्मे अवतार विनीत कृष्ण हंगल उर्फ ए. के. हंगल की शुरुआती जिंदगी, काफी हंगामेदार रही। उनका बचपन और पूरी जवानी संघर्षमय गुजरी। उन्हें बचपन से ही संगीत और नाटक का शौक था। इसके लिए उन्होने बाकायदा उस्ताद ख़ुदाबख़्श से संगीत और महाराज बिशिनदास से तबला बजाने का हुनर सीखा। उनके घर के ही बगल में एक संगीत और नाटक का क्लब 'श्री संगीत मंडल' था। जिसके वे सदस्य बन गए। 1938 या 1939 के दरमियानी साल में उन्होंने अपना पहला नाटक 'जुल्म-ए-कंस' खेला, जो कि उर्दू में था। इस नाटक में उन्होंने 'नारद' की भूमिका निभाई और कुछ गाने भी गाए। आगे चलकर उन्होंने 'हार्मोनिका' क्लब बनाया, जो जल्द ही पूरे कराची शहर में मशहूर हो गया। इसी दौरान उन्होंने अपना पहला नाटक 'प्रायश्चित' लिखा, जो महात्मा गांधी द्वारा छुआछूत के खिलाफ चलाई गई मुहिम से प्रेरित था। स्वाभाविक है कि नाटक में उन्होंने अभिनय भी किया और यहीं से उनका अभिनय में लगाव बढ़ता चला गया।

ए. के. हंगल स्कूली दिनों से ही नाटक के अलावा क्रांतिकारी कार्यों में भी हिस्सा लेने लगे थे। पेशावर में किस्सा ख्वानी बाजार में अंग्रेजों ने जो नरसंहार किया, वे उस नरसंहार के चश्मदीद गवाह थे। उन्होंने भी इस नरसंहार के प्रतिरोध में अंग्रेजों पर भीड़ से पत्थर बरसाए थे। यही नहीं, क्रांतिकारी भगत सिंह और उनके साथी सुखदेव तथा राजगुरू की शहादत का भी किशोर हंगल के दिलो-दिमाग पर गहरा असर पड़ा। इन क्रांतिकारियों को बचाने के लिए उस वक्त वायसराय को दिये गए, मर्सी पिटीशन पर हस्ताक्षर करने वालों में वह भी शामिल थे। बहरहाल, बचपन में घटी इन घटनाओं का हंगल के पूरे जीवन पर बड़ा प्रभाव रहा। अपनी जिंदगी के आखिर तक वह बराबर शोषण, अत्याचार और असमानता के खिलाफ लड़ते रहे। उन्हें फिल्मी कलाकार के रूप में जानने वाले ज्यादातर लोगों को शायद ही यह बात मालूम हो कि ए. के. हंगल भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता भी थे। आजादी के पहले से ही उन्होंने पार्टी और यूनियनों की गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया और परिणाम स्वरूप उन्हें जेलों में रहना पड़ा। पाकिस्तानी जेलों में दो साल काटने के बाद साल 1949 में वे हमेशा के लिए भारत आ गए। मायानगरी मुंबई को उन्होंने अपनी कर्मस्थली के रूप में चुना और अपने परिवार के जीवनयापन के लिए टेलरिंग शुरू कर दी। भारत आने के बाद भी ए. के. हंगल का पार्टी और यूनियनों की राजनीति से लगाव नहीं छूटा। वे बंबई की चालों मे कई साल तक रहे।

चाल में रहने वाले किराएदारों की समस्याओं से जब उनका साबका पड़ा, तो इनसे निपटने के लिए उन्होंने किरायेदारों का एक संघ बनाया। बाद में वे दर्जियों के अधिकारों की लड़ाई में कूद गए। उन्होंने बंबई में 'टेलरिंग वर्कर्स यूनियन' का गठन किया और उनकी लड़ाई लड़ी। जब संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन की इब्तिदा हुई, तो ए.के. हंगल ने आचार्य अत्रे, कॉमरेड एसएम जोशी, कॉमरेड एसए डांगे, एनजी गोरे जैसे शीर्षस्थ नेताओं के साथ इस आंदोलन में हिस्सेदारी की। वह गोवा मुक्ति आंदोलनकारियों में भी शामिल रहे। बाहर से हमेशा शांत और सहज दिखलाई देने वाले हंगल, अंदर से पूरे आंदोलनकारी थे। जहां भी कहीं कुछ गलत होता, वे उसके खिलाफ आवाज जरूर उठाते। आजादी के बाद जब 'भारतीय जन नाट्य' संघ यानी इप्टा लगभग टूट रहा था, तब वह ए. के. हंगल ही थे, जिन्होंने इप्टा को पुनर्जीवन दिया। आर. एम. सिंह और रामाराव जैसे साथियों को साथ लेकर उन्होंने इप्टा को फिर खड़ा किया। ए. के. हंगल ने उन सभी कलाकारों से संपर्क स्थापित किया, जिन्होंने विभिन्न कारणों से इप्टा छोड़ दी थी। उनकी कोशिशें रंग लाईं और इप्टा एक बार फिर पहले की तरह काम करने लगा। ए. के. हंगल ने आगे चलकर इप्टा के कई नाटकों में निर्देशन व अभिनय किया। इप्टा में वह इस कदर रम गए कि उन्होंने अपने आप को पूरी तरह से नाटकों में डुबो लिया। 'बाबू', 'इनामदार', 'अफ्रीका जवान परेशान', 'इलेक्शन का टिकिट', 'आजर का ख्वाब', 'अतीत की परछाईंया', 'जवाबी हमला', 'सूरज', 'मुसाफिरों के लिए', 'भगत सिंह', 'आखिरी शमॉं' आदि चर्चित नाटकों में उन्होंने अभिनय किया। रंगमंच से उनके अभिनय की लोकप्रियता धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया तक पहुंची। साल 1962 में बासु भट्टाचार्य ने अपनी फिल्म 'तीसरी कसम' में उन्हें एक छोटी सी भूमिका दी और इस फिल्म के साथ ही उनका फिल्मी कॅरियर शुरू हो गया। फिल्म 'शोले' में निभाया उनका नेत्रहीन 'रहीम चाचा' का किरदार, तो हिंदी सिनेमा का कालजयी किरदार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

# कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में खड़े अर्जुन रूपी जीव को धर्म, समाज, राष्ट्र, राजनीति और कुटनीति की शिक्षा दी है। प्रजा के प्रति शासक के आचरण-व्यवहार और कर्म के ज्ञान को उद्‌घाटित किया है। श्रीकृष्ण के उपदेश कालजयी और संसार के लिए कल्याणकारी है। युद्ध और विनाश के मुहाने पर खड़े संसार को संभलने का संबल है। अत्याचार को किस तरह सात्विक बुद्धि से हराया जा सकता है उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

श्रीकृष्ण साक्षात परब्रह्म और ईश्वर हैं। संसार के समस्त पदार्थों के बीज उन्हीं में निहित है। वे नित्यों के नित्य और जगत के सूत्रधार हैं। शास्त्रों में उन्हें साक्षात व साकार ईश्वर कहा गया है। कुरुक्षेत्र में उन्होंने मोहग्रस्त अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया। कर्म का वह महामंत्र प्रदान किया जो मानव जाति के लिए पथ-प्रदर्शक है। उन्होंने गीता में नश्वर भौतिक शरीर और नित्य आत्मा के मूलभूत के अंतर को समझाया है। कहा है कि आत्मा अजर और अमर है। जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रों को छोड़कर नए वस्त्रों को ग्रहण करता है, उसी प्रकार आत्मा जीर्ण शरीर को त्यागकर नए शरीर में प्रवेश करती है।

अतः मनुष्य को फल की चिंता किए बिना कर्तव्य का पालन करना चाहिए। श्रीकृष्ण ने निराशा के भंवर में फंसे संसार को सफलता और असफलता के प्रति समान भाव रखकर कार्य करने की प्रेरणा दी है। उन्होंने इसे कर्मयोग कहा है। श्रीकृष्ण के उपदेश गीता के अमृत वचन हैं। संसाररुपी भवसागर से पार उतरने की औषधि है। गीता के उपदेश से ही अर्जुन का संकल्प जाग्रत हुआ और कुरुक्षेत्र में खड़े बंधु-बांधवों से मोह दूर हुआ। तदोपरांत ही वे अधर्मी और दुर्बल हृदय वाले कौरवों को पराजित करने में सफल हुए। कौरवों की हार महज पांडवों की विजय भर नहीं बल्कि धर्म की अधर्म पर, न्याय की अन्याय पर और सत्य की असत्य पर जीत है। श्रीकृष्ण ने गीता में धर्म-अधर्म, पाप-पुन्य और न्याय-अन्याय को सुस्पष्ट किया है। उन्होंने धृतराष्ट्र पुत्रों को अधर्मी, पापी और अन्यायी तथा पाडु पुत्रों को पुण्यात्मा कहा है। उन्होंने संसार के लिए क्या ग्राहय और क्या त्याज्य है उसे भी भलीभांति समझाया है। श्रीकृष्ण का उपदेश ज्ञान, भक्ति और कर्म का सागर है। भारतीय चिंतन और धर्म का निचोड़ है। सारे संसार और मानव जाति के कल्याण का मार्ग है।



विश्व के महानतम वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी कहा है कि श्रीकृष्ण के उपदेश अद्वितीय है। उसे पढ़कर मुझे ज्ञान हुआ कि इस दुनिया का निर्माण कैसे हुआ। महापुरुष महात्मा गांधी ने कहा है कि जब कभी मुझे परेशानी घेरती है, मैं गीता के पन्नों को पलटता हूं। महान दार्शनिक श्री अरविंदों ने कहा कि भगवद्गीता एक धर्मग्रंथ व एक किताब न होकर एक जीवन शैली है, जो हर उम्र को अलग संदेश और हर सभ्यता को अलग अर्थ समझाती है। श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश मानव इतिहास की सबसे महान सामाजिक, धार्मिक, दार्शनिक और राजनीतिक वार्ता है। संसार की समस्त शुभता इसी में विद्यमान है। श्रीकृष्ण का उपदेश जगत कल्याण का सात्विक मार्ग है। श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में खड़े अर्जुन रूपी जीव को धर्म, समाज, राष्ट्र, राजनीति और कुटनीति की शिक्षा दी है। प्रजा के प्रति शासक के आचरण-व्यवहार और कर्म के ज्ञान को उद्घाटित किया है। श्रीकृष्ण के उपदेश कालजयी और संसार के लिए कल्याणकारी है। युद्ध और विनाश के मुहाने पर खड़े संसार को संभलने का संबल है। अत्याचार को किस तरह सात्विक बुद्धि से हराया जा सकता है उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। महाभारत से स्पष्ट है कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन का सारथि बनकर न्याय और सत्य का पक्ष लिया। अन्याय का प्रतिकार किया। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन अत्याचार और अहंकार के खिलाफ एक मानवीय और दैवीय संघर्ष है। बाल्यावस्था से ही श्रीकृष्ण अलौकिक थे। उनकी अलौकिकता में ही जगतकल्याण की भावना निहित है।

कभी वह अपनी बांसुरी के मधुर स्वर से सभी को आत्मिक सुख प्रदान करते दिखे तो कभी कंस के अत्याचारों से गोकुलवासियों की रक्षा करते दिखे। कभी वह गोवर्धन पर्वत को ऊंगली पर उठा इंद्र के दर्प को चकनाचूर करते दिखे तो कभी मित्र सुदामा के आगे संपूर्ण सत्ता वैभव को समर्पित करते दिखे। कभी वह समाज की रक्षा के लिए कालिया दमन करते दिखे तो कभी कंस, जरासंध और शिशुपाल जैसे अहंकारी शासकों का विनाश करते दिखे। कभी ग्वाल-बालों के साथ प्रेम लड़ाते दिखे तो कभी गोपियों के संग रास रचाते दिखे। श्रीकृष्ण का जीवन त्याग, प्रेम और समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण है। अत्याचार और अहंकार के खिलाफ जनजागरण है। कर्म, सृजन और संकल्प का आदर्श संदर्भ है। श्रीकृष्ण बंधी-बधाई धारणाओं और परंपराओं को जो राष्ट्र-समाज के लिए अहितकर है उसे तोड़ डाला। यही नहीं तत्कालीन निरंकुश शासकों की भोगवादी वर्चस्व के खिलाफ भी आवाज बुलंद की और जनता को अत्याचार के विरुद्ध लड़ने का संदेश दिया। श्रीकृष्ण का मनुष्यों और प्राणियों के प्रति सकारात्मक एकात्मभाव था। उनकी हर क्रिया में जगत का कल्याण निहित है। श्रीकृष्ण ध्वंस और निर्माण, क्रोध और करुणा, पार्थिकता और आध्यामिकता, सगुण और निर्गुण, राजनीति, साहित्य और कला सबके समग्र रुप हैं। नारियों के प्रति उनका सम्मान आधुनिक संसार के लिए सुंदर उदाहरण है। श्रीकृष्ण ने कौरवों की सभा में द्रौपदी की लाज की रक्षा की। श्रीकृष्ण ने संसार को संदेश दिया कि दुर्योधन, कर्ण, विकर्ण, जयद्रथ, कृतवर्मा, शल्य, अश्वथामा जैसे अहंकारी और अत्याचारी जीव राष्ट्र-राज्य के लिए शुभ नहीं होते। ऐसे शासक सत्ता और ऐष्वर्य के लोभी होते हैं। धृतराष्ट्र सिर्फ जन्म से ही अंधा नहीं था बल्कि वह आध्यात्मिक और नैतिक दृष्टि से भी अंधा था। उसका सत्तामोह और पुत्र के प्रति आसक्ति का परिणाम रहा कि हस्तिनापुर विनाश को प्राप्त हुआ। धृतराष्ट्र तथा उसके स्वार्थी-अभिमानी पुत्रों में ये सभी अवगुण विद्यमान थे।

श्रीकृष्ण ने गीता में विष देने वाला, घर में अग्नि लगाने वाला, घातक हथियार से आक्रमण करने वाला, धन लूटने वाला, दूसरों की भूमि हड़पने वाला और पराई स्त्री का अपहरण करने वाले जैसे राजाओं को अधम और आततायी कहा है। धृतराष्ट्र के पुत्र ऐसे ही थे। सत्ता में बने रहने के लिए वे सदैव पांडु पुत्रों के विरुद्ध षड़यंत्र रचा करते थे। अनेकों बार उनकी हत्या के प्रयत्न किए। श्रीकृष्ण ने ऐसे पापात्माओं और नराधमों को वध के योग्य कहा है। साथ ही समाज को प्रजावत्सल शासक चुनने का संदेश भी दिया है। अहंकारी, आततायी, भोगी और संपत्ति संचय में लीन रहने वाले आसुरी प्रवत्ति के शाासकों को राष्ट्र के लिए अशुभ और आघातकारी माना है। कहा है कि ऐसे शासक प्रजावत्सल नहीं सिर्फ प्रजाहंता होते हैं। युद्ध और विनाश के मुहाने पर खड़ा आधुनिक संसार श्रीकृष्ण के उपदेशों पर अमल करके ही समाज और राष्ट्र की अक्षुण्णता को बनाए रख सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

व्यंग्य

# भैया जी का बागी होना



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

राजनीति में बागी होने के फायदे ही फायदे हैं। इसके चलते राजनीति में मजा हुआ नेता, अपनी क्षमता का उपयोग कर, तुरंत मनचाहे पद की और अग्रसर हो सकता है। जैसे कई बार बड़े मार्ग से पहुंचने से अधिक दूरी तय करने की अपेक्षा खेत जंगल से गुजरने वाली पगडंडी में चलकर व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर जल्द पहुंच जाता है। भैया जी अपनी पार्टी में एक मजबूत जान आधार वाले नेता हैं। वह राजनीति में घाट-घाट कर पानी पीकर मंत्री पद पर पहुंचे थे।

मगर पिछली बार मुख्यमंत्री बनने का अवसर आया तो उनकी जगह पर आला कमान ने दूसरे को मुख्यमंत्री बना दिया। भैया जी उस समय मन मसोस कर ,चुप्पी साधे बैठ गए और अपने भाग्य को कोसते रहे। एक दिन राजनीति में कुछ समझ रखने वाली उनकी पत्नी ने सलाह देते हुए कहा 'वर्षों से तुम जाजम उठाते रहे, पर आज तक अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाये और अब भी चुप्पी साधे रहे तो बस ठौर का ठाकुर ही बने रहोगे, जो मुख्यमंत्री बने हैं वह भविष्य में तुम्हें क्यों कर आगे बढ़ने देंगे? वह अपने जवान बेटे को आगे कर देंगे। वह हरसंभव अपने परिवार का भविष्य उज्जवल बनाने में लगेंगे और अंत में तुम्हारे सीताराम राधेश्याम की माला जपना ही हिस्से में आएगा। 'भैया की पत्नी की सलाह पर अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर गंभीरता से सोचने लगे।

इस बीच भैया जी की किस्मत रबड़ की गेंद की तरह डप्पे मारने लगी। राजयोग की संभावना जगने लगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में फंस गए। वह इस्तीफा देकर कानूनी शिकंजे में फंसते रहे। भैया जी को मुख्यमंत्री बनने का मौका मिल गया। कुछ समय मुख्यमंत्री रहते उन्हें लगा कि वह तो प्रदेश के राजा हैं। सब जगह स्वागत सम्मान है। लक्ष्मी की खनखनाहट के भी कई रास्ते हैं। बस मजा ही मजा है। इतना सब सोचते रहते, लेकिन भाग्य से कुछ दिन बाद राज योग समाप्त हो गया। हटाये गए मुख्यमंत्री नी कानूनी नियम सुविधा के चलते फिर से मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन भैया जी को मुख्यमंत्री बनने की इच्छा अब रोज कसमसाने लगी। उन्होंने एक दिन अवसर पाकर अपने सुनहरे भविष्य के लिए बागी होकर नई पार्टी बनाने की घोषणा कर दी। अपनी पार्टी में कई युवाओं को शामिल कर आगे बढ़ने लगे। उनके कई समर्थक विधायक उनके साथ मील के पत्थर की तरह खड़े थे। अब भैया जी दंद फंद कर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करने की कल्पना करने लगे। पर एन टाइम पर कई विधायकों ने उनके साथ में आकर भी यू टर्न ले लिया। पर भैया जी भी हार मारने वाले नहीं थे।

वह आने वाले चुनाव में अपनी भाषण देने और सत्ता पक्ष के भ्रष्टाचार को जनता तक पहुंचाने की कला में माहिर थे। वह अपनी इसी कला के बलबूते आगामी चुनाव में जीत का भरोसा लिए जीने लगे। उन्हें पूरा भरोसा था कि उनका समय पर बागी होना उनके लिए राजनीति में श्रेष्ठतम उपलब्धि साबित होगा। अब वह रात दिन अपने आगे वाले सुनहरे कल के सपने देखने लगे। उन्हें लगता कि उनका बागी होना उनके राजनीतिक भविष्य में इंद्रधनुष सा रंगीन बनकर आएगा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष

# देवसत्ता को चुनौती देने वाले भगवान श्रीकृष्ण



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


एक वसुदेव-देवकी का जैविक पुत्र, तो नंदगोप-यशोदा का पालित चंचल पुत्र! ईश्वर भक्तों ने विष्णु के नौवें अवतार के रूप में कृष्ण को स्वीकारा, तो ज्ञानियों ने एक चिंतक व विचारक के रूप में देखा। योद्धाओं ने सुदर्शन चक्रधारी वीर पराक्रमी कहा, तो शासकों ने कृष्ण को कूटनीतिज्ञ ठहराया। रसिक जनो ने गोपियों के मध्य नृत्य करने वाले रसिया के रूप में देखा। ऐसे उदात्त प्रेमी के रूप में जाना, जिसकी बाँसुरी से निकली जादुई धुन से ब्याहता गोपियाँ समस्त मर्यादाओं को लांघ खिंची चली आती हैं। वह कृष्ण ही थे, जब कामरूप के अधिपति यवनासुर को पराजित कर उसके कारागार में बंद 16 हजार स्त्रियों को बंधन-मुक्त कराया। उनके पतियों व परिजनों ने जब उन्हें स्वीकार नहीं किया तो कृष्ण ने ही उन्हें सम्मान देने के लिए उनसे प्रतीकात्मक विवाह किया। इस कारण कामी भी कहा गया किंतु उन्होंने परवाह नहीं की।

कृष्ण ने इन्द्र को चुनौती दी तो उन्हें देवसत्ता के विरोधी के रूप में देखा गया। योगियों ने कृष्ण को योगी-कृष्ण के रूप अवलोकित किया। मथुरा छोड़ी तो कृष्ण को रणछोड़दास तक कहा गया। छल-कपट से प्रतिपक्षी को पराजित करने के विशेषण तो कृष्ण से इतने जुड़े हैं कि कृष्ण शायद स्वयं ही सफाई देने में असमर्थ हैं। दरअसल सृजनकर्ताओं ने कृष्ण के इतने रूप, इतनी विधाएं और इतने आयाम रचे दिए हैं कि उनकी व्याख्या करना ही कठिन है। जब कृष्ण शिशु थे, तब उनके जन्म के साथ ही हत्या की प्रत्यक्ष भूमिका रच दी गई थी। उनके छह नवजात भ्राताओं की माता-पिता की खुली आंखों के सामने ही एक-एक कर हत्या कर दी गई। उनकी जान बचाने के लिए भी एक निर्दोष सद्यजात बालिका को बलि-वेदी की भेंट चढ़ना पड़ा। कृष्ण के बड़े होने के साथ-साथ कानों में जब ये जानकारियां आई होंगी, तब वे कितने उहापोहों, विषाद और तनाव से गुजरे होंगे? इस दौर का अहसास एक अनुभवी ही कर सकता है। सामान्य जन होता तो अवसाद में पगला गया होता? उन्हें जैविक मां-बाप के वात्सलय की छांव से विलग कर ऐसे लोगों की गोद में डाल दिया, जिनसे उनका कोई रक्त संबंध नहीं था। यह विरल संयोग है कि उन्होंने कृष्ण को इतने लाड़-प्यार और जतन से पाला कि शायद उनके असली माता-पिता भी न पाल पाते तत्पश्चात पल-पल षड्‌यंत्रकारी दुष्टों से सामना होता रहा। आयु के अनुपात से कहीं ज्यादा सतर्कता, चैतन्यता और संघर्श के दौर से गुजरना पड़ा! ऐसे विकट और विषाक्त परिवेष में अपनी, अपने समाज की प्राण रक्षा के लिए छल-कपट और लुका-छिपी कृष्ण नहीं खेलते तो क्या बच पाते? वह तो दादा बलदाऊ साथ थे, जो हर संकट में संकटमोचक बने रहे। इसमें कोई विस्मय नहीं, कि जब लोकतंत्र से राजतंत्र की भिडंत होती है, तो जड़ हो चुकी स्थापित मान्यताओं के परिवर्तन की मांग उठती ही है। प्राण खतरे में डालकर कठोर संघर्ष करना ही पड़ता है। इतिहास साक्षी है, इन्हीं संकट और षड्‌यंत्रों से सामना करने वाले साहसी ही ईश्वर, नायक और नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरे हैं।

ब्रह्माण्ड में उपलब्ध समस्त प्राणी-जगत में एकमात्र मनुष्य ही ऐसा जीवधारी है, जो उत्थान के चरम और पतन की निम्नतम यात्रा कर सकता है। मनुष्य का असीम उत्कर्ष हो सकता है, तो पराभव भी इतना हो सकता है कि लोग उसका नाम लेने में भी सकुचाएं। भारतीय धर्मग्रंथों के युग परिवर्तन और बदले संदर्भों में जितनी व्याख्याएं हुई हैं, उतनी शायद दुनिया के अन्य धर्म ग्रंथों की नहीं हुई हैं। इन ग्रंथों में श्रीमद् भगवद गीता सबसे अग्रणी ग्रंथ है। इसका महत्व धर्मग्रंथ के रूप में तो है ही प्रबंधन के ज्ञान भंडार के रूप में भी इसे पढ़ा व समझा जा रहा हैं। कृष्ण बाल जीवन से ही जीवनपर्यंत समााजिक न्याय की स्थापना और असमानता को दूर करने की लड़ाई इंद्र की देव व कंश की राजसत्ता से लड़ते रहे। वे गरीब की चिंता करते हुए खेतीहर संस्कृति और दुग्ध क्रांति के माध्यम से ठेठ देशज अर्थ व्यवस्था की स्थापना और विस्तार में लगे रहे। सामारिक दृष्टि से उनका श्रेष्ठ योगदान भारतीय अखण्डता के लिए उल्लेखनीय है। इसीलिए कृष्ण के किसान और गौपालक कहीं भी फसल व गायों के क्रय-विक्रय के लिए मंडियों में पहुंचकर शोषणकारी व्यवस्थाओं के शिकार होते दिखाई नहीं देते? कृष्ण जड़ हो चुकी उस राज और देव सत्ता को भी चुनौती देते हैं, जो जन विरोधी नीतियां अपनाकर लूट-तंत्र और अनाचार का हिस्सा बन गये थे? भारतीय लोक के कृष्ण ऐसे परमार्थी थे, जो चरित्र भारतीय अवतारों के किसी अन्य पात्र में नहीं मिलता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi

'लखपति दीदी' सिर्फ बहनों-बेटियों की आय बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि ये आने वाली पीढ़ियों को सशक्त करने और गांव के पूरे अर्थतंत्र को बदलने वाला अभियान है। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में हमारी बहनों-बेटियों की भी बहुत बड़ी भूमिका रहने वाली है। हर सेक्टर में नारीशक्ति की भागीदारी बढ़ाने पर हम इसलिए जोर दे रहे हैं... मैं एक बार फिर हर राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है। दोषी कोई भी हो, वो बचना नहीं चाहिए।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

प्रियजनों के साथ भोजन करने का आनंद अतुलनीय होता है। यह न केवल स्वाद को द्विगुणित करता है, बल्कि संबंधों को भी सुदृढ़ करता है....

**नई पेंशन स्कीम पर गरमाई सियासत: कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने केंद्र सरकार पर कसा तंज**

# यूपीएस में 'U' का मतलब मोदी सरकार का 'यू-टर्न': मल्लिकार्जुन खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार की नई पेंशन योजना 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम' की घोषणा के साथ ही इसको लेकर देश का सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस ने इस पेंशन योजना को लेकर मोदी सरकार पर करारा तंज कसा है।


पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यूपीएस में 'यू' का मतलब मोदी सरकार का 'यू-टर्न' है। साथ ही उन्होंने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अब तक वापस लिए गए फैसलों को गिनाते हुए कहा कि 4 जून के बाद, जनता की शक्ति प्रधानमंत्री की शक्ति के अहंकार पर हावी हो गई है। उन्होंने कहा, दीर्घ अवधि के



पूंजीगत लाभ/सूचकांककरण के बारे में बजट में कदम वापस लिया। वक्फ विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा गया, प्रसारण बिल और लेटरल एंट्री वापस ली गई। कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे। 140 करोड़ भारतीयों को इस निरंकुश सरकार से बचाएंगे!

## कांग्रेस ने किसान-मजदूरों की आय को लेकर दागे सवाल

दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों में देश में वास्तविक घरेलू आय में लगातार गिरावट हो रही है। उनका कहना है कि धीमी वेतन वृद्धि और कमर तोड़ महंगाई के कारण वास्तविक मजदूरी और आय में जबर्दस्त गिरावट दर्ज हुई है। उन्होंने कहा कि अपंजीकृत उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण, भारतीय रिज़र्व बैंक के KLEMS डाटा और घरेलू उपभोक्ता व्यय



सर्वेक्षण (एचसीईएस) ने देश में रोजमर्रा का काम करने वाले समुदाय के लोगों के बीच वित्तीय संकट की बात कही है। इसके अलावा केंद्र सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित डाटा के कई स्रोतों ने इस बात के स्पष्ट प्रमाण भी दिखाए हैं कि श्रमिकों की खरीदारी करने की क्षमता भी बीते 10 साल पहले की तुलना में कम हो गई है। कांग्रेस का कहना है कि इस तरीके के बदले हालतों में अब केंद्र सरकार को जवाब तो देना ही होगा।

### वास्तविक मजूदरी में आई गिरावट: जयराम रमेश

जयराम रमेश कहते हैं कि श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी में 2019 से 2024 के बीच में गिरावट दर्ज हुई है। यह आंकड़े केंद्र सरकार के श्रम ब्यूरो के वेतन दर सूचकांक से ही निकले हैं। इसी तरह कृषि मंत्रालय की कृषि सांख्यिकी रिपोर्ट भी बताती है कि देश में खेती करने वाले किसानों की वास्तविक मजदूरी में हर साल माइनस 1.3 फ़ीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। हालांकि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ऐसे खेतिहर मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल 6.8 फ़ीसदी की दर से बढ़ रही थी। ऐसे में देश के उन करोड़ों खेतिहर मजदूर की कम हुई आय का असली जिम्मेदार कौन है। यह केंद्र सरकार को बताना होगा।

---

### J&K: AAP की पहली सूची में 7 प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें सात प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। पुलवामा विधानसभा सीट से फयाज अहमद सोफी, राजपुरा से मुद्दासिर हासन, देवसार शेख फिदा हुसैन, डोरु से मोहसिन शाफ्कत मीर, डोडा से मेहराज दिन मलिक, डोडा वेस्ट से यासिर शाफी मट्टो और बनिहाल से मुद्दासिर अजमत मीर को प्रत्याशी बनाया गया है। आर्टिकल 370 हटने के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। चुनाव की तैयारियों को लेकर तमाम दलों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

### किसी की धार्मिक आस्था में दखल नहीं: उदयनिधि



**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने रविवार को कहा कि द्रमुक सरकार किसी की धार्मिक आस्था में दखल नहीं देती है और सभी की भावनाओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का शासन हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (एचआरएंडसीई) के लिए स्वर्ण काल है। उदयनिधि ने रविवार को दिंडुगल जिले के पलानी में आयोजित एक धार्मिक सम्मेलन 'अनाईथुलगा मुत्थमिज मुरुगन मुनाडू' को डिजिट रूप से संबोधित करते हुए यह बात कही। सम्मेलन राज्य के एचआरएंडसीई विभाग की ओर से आयोजित किया गया था। पलानी भगवान मुरुगन के छह पवित्र निवास स्थानों में से एक है। उदयनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन 2021 में द्रमुक के सत्ता में आने के बाद से एचआरएंडसीई विभाग के जरिए कई पहलों को चला रहे हैं।

---

**जातिगत जनगणना: राजग के भीतर भी समर्थन का सुर हुआ मुखर**

# चिराग ने की हिमायत... राहुल-अखिलेश की हां में हां मिलाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान देश में जातिगत जनगणना के सवाल पर रविवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के सुर में सुर मिलाते नजर आए।

पासवान ने इस मसले पर अपनी स्थिति साफ करते हुए कहा कि उनकी पार्टी जातीय जनगणना के पक्ष में है और इसका समर्थन करती है।

ज्ञात रहे कि इससे पहले चिराग पासवान लेटरल एंट्री और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमीलेयर के सुप्रीम कोर्ट के सुझाव पर भी खुलकर विरोध में आ गए थे। अब वह कांग्रेस और सपा की जातीय जनगणना की मांग के साथ खड़े दिख रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर भाजपा की विचारधारा से अलग राय पेश की है

चिराग ने इसके समर्थन की वजह बताते हुए कहा कि मेरी पार्टी ने हमेशा अपना रुख साफ रखा है कि वह जातीय जनगणना के पक्ष में है। हम चाहते हैं कि जाति जनगणना हो। इसका कारण यह है कि कई बार राज्य सरकार और केंद्र सरकार कई ऐसी योजनाएं बनाती है। जो जाति को ध्यान में रखकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की सोच रखती है। ये योजनाएं इन समुदायों को मुख्यधारा में लाने के लिए बनाई गई हैं। ऐसे में सरकार के पास हर जाति की आबादी की जानकारी होनी चाहिए।'



### आंकड़ों को सार्वजनिक करने का पक्षधर नहीं

चिराग पासवान ने आगे कहा, मैं इन आंकड़ों को सार्वजनिक करने का पक्षधर नहीं हूं। मैं मानता हूं कि अगर आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाता है तो समाज में विभाजनकारी स्थितियां पैदा हो जाएगी। कई बार कोर्ट की तरफ से भी सरकार से जाति की आबादी को लेकर जानकारी मांगी गई है। ऐसे में मेरा मानना है कि ये आंकड़े सरकार के पास होने चाहिए। जिससे योजनाओं के कार्यान्वयन में सुधार किया जा सके। जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में मदद मिल सके।

### इन मुद्दों पर भी है BJP से अलग राय

- लेटरल एंट्री यानी कुछ केंद्रीय सेवाओं में संघ लोकसेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती
- अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमीलेयर का सुझाव

### राहुल ने की थी जनगणना की मांग

इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था कि लगभग 90% आबादी, आवश्यक कौशल और प्रतिभा होने के बावजूद, सिस्टम से नहीं जुड़ पाती है, यही वजह है कि जातिगत जनगणना की मांग हो रही है।

### फिर से पार्टी अध्यक्ष निर्वाचित हुए चिराग

उधर, केंद्रीय मंत्री और बिहार की हाजीपुर लोकसभा सीट से सांसद चिराग पासवान को एक बार फिर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। रविवार रांची में आयोजित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान के निधन के बाद उनकी पार्टी में कलह हो गई थी। उनके चाचा पशुपति कुमार पारस और चिराग पासवान के बीच कलह खुलकर सामने आई थी। पशुपति कुमार पारस पर पार्टी को तोड़ने का आरोप भी चिराग पासवान ने लगाया था। इसके बाद चिराग ने पार्टी को फिर से मजबूत किया और हाल में हुए लोकसभा चुनाव में उनके गुट को 5 सीट मिली और उन्होंने सभी सीटों पर जीत दर्ज की। अब एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना चिराग की बड़ी जीत मानी जा रही है।

---

**CM ने नागार्जुन कन्वेंशन सेंटर पर कार्रवाई को उचित बताया**

# झीलों पर अतिक्रमण करने वालों को नहीं बख्शेंगे: रेवंत रेड्डी

- यह भी बोले सीएम रेड्डी: मैं भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का कर रहा हूं पालन

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार नागार्जुन के सह-स्वामित्व वाले एक 'एन-कन्वेंशन सेंटर' पर बुलडोजर कार्रवाई के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार झीलों पर अतिक्रमण करने वालों को नहीं बख्शेगी, भले ही वे समाज में प्रभावशाली हों। रेवंत रेड्डी ने भगवद गीता का हवाला देते हुए कहा कि वे भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का पालन ही कर रहे हैं।

'हरे कृष्ण मूवमेंट' के एक कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी ने कहा कि वह भगवान कृष्ण के उपदेशों का पालन करेंगे, जो यह सिखाते हैं कि लोगों की भलाई के लिए धर्म का पालन करना चाहिए और अधर्म को पराजित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने सुपरस्टार नागार्जुन के सह-स्वामित्व वाले एन-कन्वेंशन सेंटर को ध्वस्त करने की कार्रवाई को जायज ठहराया। मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा, यही वजह है कि दबावों के बावजूद, हालांकि (कुछ हमारे) दोस्तों के पास फार्महाउस हैं, एचवाईडीआरएए (झीलों और सरकारी संपत्तियों की रक्षा के लिए) बनाया गया। मैं इसका हिस्सा बनकर लोगों के लिए कुछ अच्छा करना चाहता हूं। हमारा एकमात्र उद्देश्य इन झीलों को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करना है। हम अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। हालांकि दबाव हैं, हम पीछे नहीं हटेंगे और इन अतिक्रमणों को हटा देंगे।



### ... तो मैं सच्चा जनप्रतिनिधि नहीं

रेड्डी ने यह भी कहा कि झीलों के पास बने कुछ फॉर्म हाउस गांडीपेट जैसे पीने के पानी के स्रोतों में सीवर के पानी को छोड़ते हैं। जबकि इन जलस्रोतों से शहर के कुछ हिस्सों में पीने के पानी की आपूर्ति करते हैं. उन्होंने कहा कि यदि झीलों और लोगों के हितों की रक्षा करने में वह विफल रहते हैं तो वह सच्चे जनप्रतिनिधि नहीं होंगे।

---

**चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर की अहम घोषणा**

## बिहार में सभी सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

**एजेंसी** | पटना

जनसुराज के संस्थापक और चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने रविवार को कहा कि जनसुराज 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कम से कम 40 महिलाओं को उम्मीदवार बनाएगी। प्रशांत किशारे ने यह बात पटना के बापू सभागार में आयोजित जन सुराज महिला संवाद कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 2030 में जब बिहार में चुनाव होंगे तो जनसुराज के प्लेटफॉर्म से प्रशिक्षित करके 70 से 80 महिलाओं को नेता बनाने का अभियान जारी रखा जाएगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब तक महिलाओं को आर्थिक आजादी नहीं मिलेगी, तब तक उनकी भागीदारी समाज में समानता के आधार पर नहीं हो सकती है।



### तेजस्वी यादव पर कसा तंज

वहीं, तेजस्वी यादव के अपराध पर नीतीश सरकार को घेरने के सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि जब वो 6 महीने पहले महागठबंधन की सरकार में डिप्टी सीएम थे, तब उनको बिहार स्विजरलैंड नजर आता था। और अब सरकार से बाहर हैं तो कत्लखाना नजर आ रहा है। अभी नीतीश कुमार फिर से महागठबंधन के साथ आ जाएं तो फिर से बिहार उन्हें ठीक लगने लगेगा।

---

**हरियाणा: चुनाव तिथि बदलने के अनुरोध पर सियासत शुरू**

## कांग्रेस का पलटवार, कहा-बचकाने तर्क दे रही BJP

**एजेंसी** | चंडीगढ़

चुनाव आयोग भाजपा और इंडियन नेशनल लोकदल के हरियाणा में मतदान और मतगणना तिथियों को आगे बढ़ाने का अनुरोध पर विचार कर रहा है और मंगलवार तक इस पर अपना फैसला बता सकता है।

वहीं, कांग्रेस ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव से डर गई है। पार्टी की ओर से कहा गया कि हरियाणा के मतदाता बेहद जागरूक हैं और वे कहीं छुट्टी मनाने नहीं जाएंगे, बल्कि भाजपा की छुट्टी करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पर आकर वोट देंगे। रोहतक से कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, हरियाणा भाजपा ने चुनाव आयोग को चुनाव टालने के लिए पत्र लिखा है, जो यह दर्शाता है कि भाजपा चुनाव से किस कदर घबराई हुई है। अपनी हार सामने देख सत्ताधारी पार्टी बचकाने तर्क दे रही है।





दूसरी ओर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनकी पार्टी कल ही चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में 2 दिनों तक मैराथन बैठक की। इस दौरान 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा की प्रत्येक सीट के लिए 3-4 संभावित उम्मीदवारों के नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजे गए। देखिए कि हमारी पार्टी तैयारी में है।

अनिल विज ने कहा, चुनाव को लेकर जो तारीखें घोषित की गई हैं, उसमें अगर एक छुट्टी ले लो तो 5 छुट्टियां हो जाती हैं। इससे ऐसा डर बना रहता है कि लोग बाहर चले जाते हैं और मत प्रतिशत नीचे गिर जाता है।

---

**जम्मू कश्मीर की चुनावी चिट्ठी**

# इनकार के बाद अब हां, उमर अब्दुल्ला गांदरबल से लड़ेंगे विस चुनाव

- उमर ने पीडीपी से की प्रत्याशी खड़े नहीं करने की अपील

**एजेंसी** | श्रीनगर

विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही केंद्र शासित प्रदेश की सियासत नए रंग में आ रही है। कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस मिलकर चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन की घोषणा पहले ही कर चुके हैं।

वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री और और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला आगामी विधानसभा चुनाव में गांदरबल सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह घोषणा लोकसभा सदस्य सैयद रुहुल्लाह मेहदी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रांतीय अध्यक्ष नासिर असलम वानी ने रविवार को उमर अब्दुल्ला और पार्टी के वरिष्ठ नेता और अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से सांसद मियां अल्ताफ अहमद की उपस्थिति में की। इससे पहले उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश बना रहा तब तक चुनाव नहीं लड़ेंगे। दूसरी ओर उमर अब्दुल्ला ने महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीडीपी से अपील की कि वह राज्य में नेशनल कॉन्फ्रेंस उम्मीदवारों के खिलाफ अपने प्रत्याशी न उतारें, क्योंकि दोनों पार्टियों का एजेंडा एक जैसा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पीडीपी ने उनकी पार्टी का घोषणापत्र कॉपी कर लिया है।





### नेशनल कॉन्फ्रेंस-पीडीपी के एजेंडे में नहीं है ज्यादा अंतर

उमर अब्दुल्ला की यह टिप्पणी महबूबा मुफ्ती की इस टिप्पणी के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि पीडीपी, कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को पूरा समर्थन देगी और यदि गठबंधन उनकी पार्टी के एजेंडा को स्वीकार कर लेता है। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि ऐसा होता है तो उनकी पार्टी चुनाव में सभी सीटों को छोड़ देगी। पीडीपी के प्रस्ताव पर, उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंसऔर पीडीपी के एजेंडा में ज्यादा अंतर नहीं है। उन्होंने कहा, आपने (पीडीपी) पहले ही हमारे एजेंडा को अपने घोषणा पत्र में शामिल कर लिया है और अब हमारे एजेंडा और आपके एजेंडा में ज्यादा अंतर नहीं है, तो ऐसे में आप उम्मीदवार न उतारें और आइए, हम जम्मू-कश्मीर के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने कहा, यह विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद मेरी पहली चुनावी सभा है। मैं किसी से जनादेश छीनने नहीं आया हूं और न ही देने आया हूं, यह निर्णय पार्टी और पार्टी अध्यक्ष पर निर्भर है, लेकिन मैं यह कहूंगा कि हम पार्टी कार्यकर्ताओं से परामर्श किए बिना कोई निर्णय नहीं लेंगे।

### गिनाई घोषणा पत्रों की समानता

उमर अब्दुल्ला ने कहा, हमने घोषणापत्र में कुछ भी छोड़ा नहीं है. आज, सभी ने हमारे घोषणापत्र की नकल कर ली है. उन्हें कुछ अंतर रखना चाहिए था। उमर ने कहा कि उनकी पार्टी ने सत्ता में आने पर 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था और उन्होंने (पीडीपी) भी कहा कि वे 200 यूनिट देंगे। उन्होंने कहा, हमने कहा कि हम पहले साल में एक लाख सरकारी नौकरियां देंगे, उन्होंने भी इसे अपने घोषणापत्र में शामिल कर लिया। हमने (सीमा पार एलओसी) मार्गों को फिर से खोलने की बात की, यह उनके घोषणापत्र में भी है। हमने बातचीत के दरवाजे खुले रखने की बात की और उन्होंने भी यही कहा। मेरे साथियों ने हमारे घोषणापत्र में जो कुछ भी रखा, उन्होंने भी उसे रखा है।

### बदलते राजनीतिक समीकरण का संकेत

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उमर अब्दुल्ला के इस बयान से नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच बदलते राजनीतिक समीकरण के संकेत मिल रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की राजनीति में यह ताजातरीन समीकरण चुनावी रणनीतियों और गठबंधन की दिशा को प्रभावित कर सकता है। अब देखना होगा कि क्या महबूबा मुफ्ती भी उमर अब्दुल्ला के सुर से सुर मिलाती हैं या नहीं।

### 2009 से 2015 तक सीएम रहे उमर अब्दुल्ला

उमर अब्दुल्ला 2009 से 2015 तक जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे और वे नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष भी रहे हैं। इसके अलावा वे तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं और 2008 से 2014 तक गांदरबल सीट और 2014 से 2019 तक बीरवाह विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## जरूरी खबर

### महिलाओं के खिलाफ अपराधों के पीछे बड़ी साजिश



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया है कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध की हालिया घटनाओं को जमीन हड़पने और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालने की मंशा से अंजाम दिया गया है। उन्होंने अपराधों के पीछे राजनीतिक संरक्षण का संकेत दिया। सरमा ने कहा, इस तरह के अपराधों के जरिये जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है। धींग में पीड़िता के परिवार ने मुझसे कहा कि वे अब वहां नहीं रहना चाहते।' गौरतलब है कि धींग इलाके में ट्यूशन से घर लौट रही नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। सरमा ने दावा किया, 'पैटर्न के तहत पहले एक या दो व्यक्ति गांव में आते हैं। घर बनाते हैं, फिर वे अपने घरों में गोमांस खाना शुरू कर देते हैं। पड़ोसी, इससे असहज होकर क्षेत्र छोड़ना शुरू कर देते हैं। यह बारपेटा, मंगलदाई और अन्य स्थानों पर हो रहा है।

### अभिनेत्री के यौन उत्पीड़न की कमेटी करेगी जांच

**तिरुवनंतपुरम।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को लेकर हेमा कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद केरल सरकार ने एक एक्ट्रेस के साथ हुए यौन उत्पीड़न की जांच के लिए रविवार को सात सदस्यीय टीम का गठन किया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि विशेष टीम का नेतृत्व आईजी स्पर्जन कुमार करेंगे और इसमें राज्य की चार वरिष्ठ महिला आईपीएस अधिकारी शामिल होंगी। सीएमओ ने एक बयान में कहा, क्राइम ब्रांच के एडीजीपी एच वेंकटेश टीम के कामकाज की देखरेख करेंगे। ज्ञात रहे कि न्यायाधीश हेमा समिति की रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के उत्पीड़न और शोषण के मामलों का खुलासा किया गया है, जिसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। इस बीच, समित की रिपोर्ट के बाद डायरेक्टर रंजीत ने राज्य संचालित केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

### कांग्रेस विधायकों को 100 करोड़ की पेशकश का दावा



**चेन्नई।** कर्नाटक कांग्रेस के एक विधायक ने विपक्षी दल भाजपा पर 'ऑपरेशन कमल' चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने रविवार को कहा कि 100 करोड़ रुपए की पेशकश कर कांग्रेस विधायकों को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को अस्थिर किया जा सके। मांड्या से कांग्रेस विधायक रविकुमार गौड़ा ने कहा कि भले ही विधायकों को भाजपा ने लालच देकर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन कोई भी विधायक उसके झांसे में नहीं आएगा। राज्य में कांग्रेस की सरकार स्थिर व मजबूत है। रविकुमार गौड़ा ने कहा, 'मैं आज भी कह रहा हूं कि उन्होंने (भाजपा) अब 50 करोड़ रुपए की पेशकश को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए कर दिया है। किसी ने परसों फोन करके कहा था कि सौ करोड़ रुपए तैयार हैं। वे 50 विधायकों को खरीदना चाहते हैं।

## लखपति दीदी सम्मेलन में पीएम मोदी



*जलगांव(महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के जलगांव में रविवार को आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेता। पीएम मोदी ने इस सम्मेलन को संबोधित किया।*

### केंद्र के बाद महाराष्ट्र ने भी दी यूपीएस को मंजूरी

**मुंबई।** केंद्रीय कैबिनेट की तरफ से एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी मिलने के 24 घंटे के अंदर ही महाराष्ट्र में भी मंत्रिमंडल की बैठक ने इस स्कीम को मंजूरी दे दी गई। एकनाथ शिंदे सरकार के इस फैसले के साथ ही अब राज्य में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह यूपीएस लागू होने का रास्ता साफ हो गया है।

गौरतलब है कि केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में शनिवार को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी गई थी। महाराष्ट्र के एक अधिकारी ने यहां बताया कि मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार यूपीएस इस वर्ष मार्च से प्रभावी होगा और इसका लाभ राज्य सरकार के सभी कर्मचारियों को मिलेगा। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल इस साल नवंबर में समाप्त हो रहा है और अक्तूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। अधिकारी ने कहा, मंत्रिमंडल ने राज्य में अधिक किसानों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति योजना का विस्तार करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। उन्हें दिन में भी बिजली आपूर्ति मिलेगी।

**प्रधानमंत्री ने दिया महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर**

# दोषी बचें नहीं... लापरवाही कहीं भी हो, हिसाब होना चाहिए: मोदी

**एजेंसी** | जलगांव(महाराष्ट्र)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध को अक्षम्य पाप करार दिया और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। मोदी की यह कड़ी टिप्पणी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या तथा मुंबई के पास बदलापुर में दो स्कूली बच्चियों के यौन शोषण के खिलाफ विरोध-प्रदर्शनों के बाद आई है।

पीएम मोदी ने लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। मैं एक बार फिर देश के हर राजनीतिक दल से कहूंगा और राज्य सरकार से कहूंगा कि दोषी कोई भी हो, वो बचना नहीं चाहिए। उसको किसी भी रूप में मदद करने वाले बचने नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल हो, स्कूल हो, दफ्तर हो या फिर पुलिस व्यवस्था... जिस भी स्तर पर लापरवाही होती है, सबका हिसाब होना चाहिए। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी सरकार कानूनों को भी लगातार सख्त कर रही है। उन्होंने कहा, यह संदेश ऊपर से नीचे तक जाना चाहिए। यह पाप अक्षम्य है। सरकारें आएंगी और जाएंगी, लेकिन समाज और सरकार दोनों के तौर पर महिलाओं के जीवन व सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## महिलाओं के जीवन व सम्मान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी



### 10 साल में 1 करोड़ लखपति दीदी बनीं

पीएम मोदी ने कहा, 'लोकसभा चुनाव के दौरान जब मैं आपके पास आया था, तो मैंने वादा किया कि हमें 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है। इसका मतलब है कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में काम करती हैं और उनकी सालाना आय 1 लाख रुपए से अधिक है। पिछले 10 साल में 1 करोड़ लखपति दीदी बनीं और सिर्फ दो महीने में 11 लाख और लखपति दीदी बन गईं। उन्होंने कहा कि आज यहां लखपति दीदी का महासम्मेलन हो रहा है। मेरी बहनें यहां बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। आज यहां से देशभर के लाखों सखी मंडलों के लिए 6 हजार करोड़ से अधिक की राशि जारी की गई है। इस मौके पर पीएम मोदी ने 2,500 करोड़ रुपए की निधि जारी की, जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों के 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा।

### बेटियों के लिए सरकार खोल रही है हर सेक्टर

पीएम मोदी ने कहा, उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के लिए जो काम किया है, उतना आजादी के बाद से किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया। हमारी सरकार बेटियों के लिए हर सेक्टर खोल रही है, जहां कभी उन पर पाबंदियां थीं। आज तीनों सेनाओं में महिला अफसर तैनात हो रही हैं, लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। गांव में कृषि और डेयरी सेक्टर से लेकर स्टार्ट अप्स क्रांति तक, आज बड़ी संख्या में बेटियां व्यापार प्रबंधन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ये हमारी सरकार ने तय किया कि जो गरीबों के घर सरकार बनाती है तो वो महिलाओं के नाम पर रजिस्टर्ड हों। अभी तक जो 4 करोड़ घर बने हैं, वो अधिकतर महिलाओं के नाम पर हैं। अभी हम 3 करोड़ और घर बनाने वाले हैं, इनमें से भी अधिकतर घर हमारे माताओं-बहनों के नाम पर ही होंगे।

**पाक में एससीओ की बैठक अक्टूबर में**

## PM मोदी के पास आया पाकिस्तान का निमंत्रण यात्रा के आसार कम



**एजेंसी** | नई दिल्ली

पाकिस्तान ने पीएम नरेंद्र मोदी को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सरकार के प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक के लिए आमंत्रित किया है। पीएम मोदी के अलावा एससीओ के दूसरे नेताओं को भी आमंत्रित किया है। सूत्रों के अनुसार दोनों देशों के मौजूदा संबंधों और हालात को देखेते हुए पीएम मोदी के इस्लामाबाद जाने की संभावना नहीं है।

ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी मंत्री को भेजते हैं या नहीं। पाकिस्तान 15-16 अक्टूबर को इस बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। ज्ञात रहे कि बैठक की मेजबानी बारी-बारी से सभी देशों के पास आती है। यह यूरेशियन समूह में देशों के प्रमुखों की परिषद के बाद दूसरा सबसे बड़ा निर्णय लेने वाला निकाय है। पीएम मोदी एससीओ देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होते रहे हैं ।हालांकि वह कजाकिस्तान में हुए सम्मेलन में शामिल नहीं हुए थे। उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में भाग लिया था। भारत सरकार ने अभी तक बैठक में शामिल होने के लिए पीएम मोदी को पाकिस्तान के निमंत्रण पर कोई निर्णय नहीं लिया है। जम्मू में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर पाकिस्तान की किसी भी उच्च-स्तरीय के आसार कम हैं। ज्ञात रहे कि पिछले महीने कारगिल विजय दिवस पर अपने संदेश में पीएम मोदी ने पाकिस्तान का नाम लेते हुए कहा था कि उसने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान आतंकवाद तथा छद्म युद्ध के माध्यम से प्रासंगिक बने रहने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान का दौरा करने वाली आखिरी भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज थीं, जिन्होंने 2015 में पाकिस्तान का दौरा किया था।

पीएम मोदी के समकक्ष शहबाज शरीफ के भाई नवाज शरीफ के साथ अच्छे संबंधों के बावजूद भारत-पाकिस्तान संबंधों में सुधार की संभावना कम ही है। ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने के फैसले को पलट दे। वहीं, भारत का कहना है कि कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के साथ चर्चा करने के लिए उसके पास पीओके पर अवैध कब्जे के अलावा और कुछ नहीं बचा है।

**मन की बात.... पीएम नरेंद्र मोदी ने फिर कहा...**

## गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि से राजनीति में आएं युवा, देश बढ़ेगा आगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार कहा कि 21वीं सदी में भारत में बहुत कुछ हो रहा है जो विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर उनके द्वारा किए गए आह्वान पर बड़ी संख्या में ऐसे नौजवान राजनीति में आने के लिए तैयार बैठे हैं जिनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक नहीं है और इससे देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए नई उर्जा, नया जोश एवं नया अनुभव मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस विषय पर देश-भर के युवाओं के पत्र भी मिले हैं।



पीएम मोदी आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेकों लोग सामने आए थे, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। उन्होंने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी भावना की जरूरत है। मैं अपने सभी युवा साथियों को कहूंगा कि इस अभियान से जरूर जुड़ें। बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में आने पर लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने विभिन्न अंतरिक्ष स्टार्ट-अप में काम कर रहे कई युवा उद्यमियों से बात की और उनके काम पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश में बढ़ते जीवंत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में विभिन्न सुधारों से देश के युवाओं को काफी फायदा हुआ है। पीएम मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की याद दिलाते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का आह्वान किया है।

**आरजी कर अस्पताल: वित्तीय अनियमितता का केस**

# सीबीआई ने कोलकाता में 15 परिसरों पर मारे छापे

**एजेंसी** | नई दिल्ली/कोलकाता

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विवादों में घिरे आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में रविवार को छापे मारे।

अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और पूर्व अधीक्षक संजय बशिष्ठ के घर समेत करीब 15 जगहों पर छापेमारी हुई। बाद में सीबीआई अधिकारियों ने जांच में ठोस सबूत मिलने के भी संकेत दिए। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने मरीजों की देखभाल और प्रबंधन के लिए सामग्री की आपूर्ति से जुड़े लोगों के आवासों और कार्यालयों पर भी छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के कम से कम सात अधिकारियों ने सुबह आठ बजे से घोष से बेलियाघाटा स्थित उनके आवास पर पूछताछ शुरू की। वहीं, अन्य अधिकारियों ने वशिष्ठ एवं चिकित्सा प्रतिष्ठान के फॉरेंसिक-मेडिसिन विभाग के एक और प्रोफेसर समेत अन्य से पूछताछ की।



आरजी कर अस्पताल में 9 अगस्त को सेमिनार हॉल में ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद उसकी जघन्य हत्या कर दी गई। सीबीआई ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के एक दिन बाद रविवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को संदिग्ध वित्तीय भ्रष्टाचार मामला सीबीआई को सौंप दिया, जो पहले से ही डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच कर रही है।

### पूर्व प्राचार्य के कार्यालय पर भी छापा

सीबीआई अधिकारियों के एक अन्य दल ने अस्पताल में पूर्व प्राचार्य के कार्यालय पर भी छापा मारा और वह शैक्षणिक भवन की कैंटीन (भोजनालय) में भी गया। बाद में जब अधिकारियों से पूछा गया कि क्या उन्हें कोई ठोस सबूत मिला है, तो एक सीबीआई अधिकारी ने जवाब दिया, ... बहुत कुछ है।

### संजय रॉय का भी हुआ पॉलीग्राफ टेस्ट

दूसरी ओर आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक महिला डॉक्टर के रेप और हत्या केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय का रविवार को प्रेसिडेंसी जेल में पॉलीग्राफी टेस्ट किया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, संजय रॉय ने हिरासत में रहते हुए एक-एक करके अलग- अलग जानकारी देकर सीबीआई को गुमराह करने की कोशिश की। अस्पताल में प्रवेश करने का कारण, अस्पताल में प्रवेश करने का समय, अस्पताल के सेमिनार हॉल में प्रवेश करने का कारण या यहां तक सेमिनार हॉल से लेकर हत्या सभी मामले में वह लगातार अपना बयान बदल रहा है।

### BJP चुनाव समिति ने किया उम्मीदवारों के नामों पर मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को दिल्ली में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल हुए।

सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने 50 से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। अब अगली बैठक 29 अगस्त को होगी। दूसरी ओर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने विधानसभा चुनाव के लिए 13 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची रविवार को जारी कर दी। इससे गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस में जाने की अटकलों पर भी फिलहाल पूर्ण विराम लग गया है।

## एलीट मिस राजस्थान: टॉपर्स में शामिल होने के लिए रैंप पर आई राजस्थान की मॉडल्स

# कम्यूनिकेशन, रैंप वॉक, लुक और स्किल्स में दिखाया कॉन्फिडेंस

**बेधड़क.जयपुर।** टॉपर्स में शामिल होने के लिए मॉडल्स ने जूरी के सवालों के जवाब दिए और रैंप वॉक के साथ कम्यूनिकेशन स्किल्स दिखाते हुए दावेदारी पेश की। पूरे राजस्थान से मॉडल्स शामिल थीं, जिनकी नजर एलीट मिस राजस्थान के ताज पर है। नजारा था एलीट मिस राजस्थान-2024 के पहले ऑडिशन में आए 800 प्रतिभागियों में से टॉप 50 का सिलेक्शन करने के बाद उनमें से सर्वश्रेष्ठ को चुनने का।



### टॉप 10 का किया सलेक्शन

फेसडेस एकेडमी में सभी मॉडल्स अपना दूसरा राउंड क्लियर करने के लिए रैंपर आईं। एलीट मिस राजस्थान के डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि पहले ऑडिशन में से सलेक्ट 50 मॉडल्स में से टॉप 10 का सलेक्शन के लिए सभी उत्साहित दिखाई दिए। पूर्व मेंटोर मिताली, तनु, आकांक्षा, पीहू, नेहा, फिरदोस, मोना ने इसके लिए जूरी की भूमिका निभाई।



### ग्रुप फोटो शूट में दिखाई अदाकारी

इस मौके पर मॉडल्स ने ग्रुप फोटो शूट भी कराया और अपनी अदाकारी दर्शाई। किसी ने वेस्टर्न ड्रेस में लुक्स दिए तो किसी ने वॉक करते हुए मेंटोर्स और डायरेक्टर्स के साथ शूट कराया। उनके लिए खास प्लेटफार्म भी तैयार किया गया था, जिस पर चलकर उन्होंने लुक्स दिए। गौरव गौड़ ने बताया कि टैलेंट राउंड राजस्थान के अन्य शहरों में भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जयपुर में एलीट मिस राजस्थान-2024 का फिनाले होगा, जिसमें बॉलीवुड सेलिब्रिटीज आने की संभावना है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया



**बेधड़क. जयपुर।** सेवा मंच एसएफएस द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को सेक्टर 6 के पार्क में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ और युवा साथियों ने भाग लिया। सेवा मंच के संयोजक मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंच की ओर से हर वर्ष पौधारोपण किया जाता है और पेड़ों को संभालने की जिम्मेदारी सभी कार्यकर्ताओं की रहती है।

## मोक्षधाम में किया पौधारोपण



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान उत्तराखंड सभा राजस्थान प्रदेश की ओर से रविवार को सिरसी रोड के कनकपुरा मोक्षधाम में सभा पदाधिकारियों द्वारा छायादार पेड़ों के पौधे लगाए गए। साथ ही मोक्षधाम की साफ सफाई, पुराने पेड़ों की छटनी, खरपतवार निकालना आदि किया गया। सभा प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावत ने कहा कि वृक्षारोपण करना मनुष्यता के गुणों का परिचय देना है। सभा प्रवक्ता आनन्द पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में रावत ग्रुप ऑफ एजुकेशन की अध्यक्षा निर्मला रावत, समाजसेवी जगदीश बगड़ा और सभा के सदस्य दयाकृष्ण कांडपाल, रीता आनन्द पांडे, पुष्पा सिंह बिष्ट, नवीन बेलवाल, निरंजन प्रजापत, थापा, यश पांडे, लक्की मंडराल, पंकज पांडे आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि सभा द्वारा हर साल बरसात के महीनों में सामुदायिक केंद्र, सरकारी स्कूल, मोक्षधाम, मंदिर, पार्क आदि स्थानों में सैकड़ों पेड़ लगाए जाते हैं।

## ट्रक चालकों को बांटे चश्मे



**बेधड़क. जयपुर।** रोड सेफ्टी लाइन, राजस्थान परिवहन विभाग और केएम ट्रांसलॉजिस्टिक ने जयपुर-अजमेर हाईवे पर ट्रक चालकों के लिए 69वें निःशुल्क नेत्र जांच व नि:शुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया। अध्यक्ष एस.सी. देराश्री ने बताया कि परिवहन विभाग की टीम ने चालकों को शिविर में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, प. बंगाल, नागालैंड आदि राज्यों के 122 वाहन चालकों की आंखें जांची गई। 62 चालकों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस दौरान सचिव पी.के. भाटिया, प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव जसवंत सिंह, गौरव मौजूद रहे।

# City इवेंट्स

## साइकिल से दिया फिट इंडिया का संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** भागमभाग की जिंदगी में हर किसी को स्वास्थ्य से संबंधित समस्या है। ऐसे में फिट रहने के लिए पैदल चलना और साइकिल चलाना जरूरी है। इसी फिट इंडिया मूवमेंट के तहत मारवाड़ी युवा मंच की देशभर में 851 शाखाओं की ओर से साइकिल चली। जयपुर के सी-स्कीम स्थित महावीर स्कूल से बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं ने साइकिल रैली निकाली और फिट इंडिया के नारा बुलंद किया। मारवाड़ी युवा मंच जयपुर कैपिटल व मूमल की ओर से आयोजित साइक्लोथोन-4.0 को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ व पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। साइक्लोथोन संयोजक ऋषभ बैराठी ने बताया कि पर्यावरण अनुकूल यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ फिट इंडिया का संदेश देने के उद्देश्य रैली निकाली गई। रैली के जरिए अधिकारियों, व्यापारियों के साथ-साथ 350 से अधिक युवा साइकिलिस्टों ने करीब 7.5 किलोमीटर की दूरी तय की।

## दोहरे चेहरों वालों पर किया कटाक्ष

**बेधड़क. जयपुर।** रवीन्द्र मंच पर नाटक चेहरे का आयोजन समाज के दोहरे चेहरों वाले व्यक्तियों पर कटाक्ष करते हुए किया गया। आयोजकों ने बताया कि नाटक के 25 से अधिक शो हो चुके हैं और सभी पात्रों ने बदल-बदल कर अन्य पात्रों को भी जीया है। सीधे सरल व चुटीले संवादों का तीव्र प्रवाह रहा जो समाज के हर वर्ग में व्याप्त दोगलेपन का पर्दाफाश करता है। व्यंग्य रचना होते हुए भी अन्योक्ति व अतिशयोक्ति नहीं है, जैसा कि ज्यादातर व्यंग्य रचनाओं में होता है। साथ ही व्यंग के साथ बाय प्रोडक्ट के रूप में हास्य भी उत्पन्न हुआ।

## चाइल्ड मॉडल्स ने की 'रासलीला'



**बेधड़क. जयपुर।** अदाओं से गोपियों संग रासलीला मनाते कान्हा, फिर उन गोपियों के माखन के मटके फोड़ कर माखन खाना, यशोदा और कान्हा के बीच मां-बेटे वाली प्यार भरी नोकझोक जैसी एक्विटीज आकर्षण रही। मौका था अनन्य सोच सेवा संस्थान के हेरिटेज किड्स फैशन शो की ओर से वैशाली नगर के मनु गार्डन में हुए जन्माष्टमी प्रोग्राम का। इस दौरान चाइल्ड एक्टर अर्विक बैराठी ने कान्हा बन कृष्ण रासलीला से सभी का दिल जीता। आयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि डिजाइनर की भूमिका में प्रियांशी अग्रवाल रही। मान्या अग्रवाल, अनाय, नाइश जैन, शिविका जैन, अनिष्का जैन, संयुक्ता जैन, तक्षित सिंह शेखावत, पार्थवी शेखावत और मेहर गुप्ता मौजूद रहे।


## 15 मिनट में पहुंच पाएंगे एक से दूसरी जगह

# अब पर्यटक गोल्फ कार्ट से कर पाएंगे आमेर व जयगढ़ की सैर

**बेधड़क | जयपुर**

पर्यटकों को सहूलियत देने और उनके अनुभव को खास बनाने के लिए आमेर फोर्ट से जयगढ़ फोर्ट तक गोल्फ कार्ट सेवा की शुरुआत की गई है। इस कार्ट सेवा से पर्यटक इस मार्ग के चारों ओर फैली अरावली पर्वत की हरियाली और खूबसूरती को निहारते हुए 15 मिनट से कम समय में आमेर फोर्ट से जयगढ़ तक पहुंच सकेंगे। गोल्फ कार्ट को आमेर स्थित 'हाथी स्टैण्ड' बुकिंग काउंटर से बुक किया जा सकता है।

इस अवसर पर जयगढ़ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट (जेपीसीटी) चेयरमैन सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा, कि गोल्फ कार्ट सेवा न कवेल पर्यटकों के आमेर से जयगढ़ फोर्ट तक के सफर को सुगम बनाएगी, बल्कि सफर में लगने वाले समय को कम करेगी। साथ ही फोर्ट और आसपास के जंगल को प्रदूषण से बचाने में भूमिका निभाएगी। वहीं अनुभव करने के लिए जयगढ़ फोर्ट में पर्यटकों के लिए कई आकर्षण हैं, इसमें पहियों पर खड़ी सबसे विशाल तोप 'जयबाण', शाही टूर जिससे विरासत जल संरक्षण और प्रबंधन प्रणाली के बारे में जानने के अवसर, जयपुर के सैन्य इतिहास को प्रदर्शित करने वाली इन्फोर्मेटिव गैलेरीज और जयगढ़ फोर्ट के बुर्ज और छतों से दिखाई देने वाले शहर के मनमोहक दृश्य आदि शामिल हैं। इस सेवा को सप्ताह के सातों दिन सुबह 11 से शाम 6 बजे के बीच बुक किया जा सकता है।



## सवा लाख लड्डुओं की विशेष झांकी रहेगी आकर्षण

# सजेगा राणी सती दरबार, 1300 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा



**बेधड़क | जयपुर**

दादी सेविका अरुणा दीदी के सानिध्य में मंगलवार को मां राणी सती का दरबार सवा लाख लड्डुओं से सजेगा और 1300 से अधिक महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। प्रोग्राम का पोस्टर अरुणा दीदी और भक्तों ने जारी किया।

अरुणा दीदी ने बताया कि झुंझुनूं में राणी सती जिन्हें दादी मां के नाम से भी जाना जाता है को कलियुग की दुर्गा के रूप में पूजा जाता है। इन्हीं दादी मां की सेवा में नारायणी दादी सेवा संघ 12 वर्षों से संचालित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के साथ देहदान, नेत्रदान, रक्तदान, विद्यादान और अन्नदान का संकल्प लिया है। 13000 पीपल के वृक्ष लगाने का संकल्प भी है, जिसमें से वे अब तक 7000 पीपल के वृक्ष लगा चुके हैं। अब सीकर रोड स्थित रामेश्वरम गार्डन में 12वें वार्षिकोत्वस में 9 दुर्गा के स्वरूप झांकी के रूप में प्रदर्शित किए जाएंगे। अखण्ड ज्योत के अलावा महाकीर्तन, छप्पन भोग और महाभंडारा होगा।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष पौधा यात्रा निकाली थी, जिसमें पौधों के साथ 1300 से अधिक महिलाएं शामिल हुई थीं। इस बार कलश यात्रा में राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा कोलकाता, पटना समेत देश के कई भागों से महिलाएं और भक्तगण वार्षिकोत्सव में शिरकत करेंगे। साथ ही बड़ी संख्या में साधु-संत शामिल होंगे।

**डेनिम में दीवाज** गेट टुगेदर में दिया हैप्पी और हेल्दी लाइफ का मैसेज

# महिलाओं ने दशाई यूनिटी और शेयर की अपनी जर्नी

**बेधड़क | जयपुर**

लेडीज ने गेट टुगेदर करते हुए सावनी फुहारों में चीयरअप करते हुए हैप्पी और हेल्दी लाइफ का मैसेज दिया। हर कोई एक विशेष डेनिम पहनकर आया और अपनी आईडेंटिटी का डिफरेंट किया। ये अनूठा प्रयास था एफबीएस मैंबर्स का, जिन्होंने हाल ही में एक रोमांचक और स्टाइलिश नेटवर्किंग इवेंट का आयोजन किया। 'डेनिम में दीवाज' थीम पर आधारित इवेंट में सभी महिलाएं डेनिम्स में अपनी इंडिपेंडेंस दर्शाई।



### आइडियाज किए शेयर और की गहन चर्चा

फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि उपस्थित लोगों ने उत्साही चर्चाओं में भाग लिया। अपनी यात्रा साझा की और एक ऐसे वातावरण में विचारों का आदान-प्रदान हुआ जो रचनात्मकता और सहयोग को बढ़ावा देता है। सभी को फेस्टिव गिफ्ट्स दिए तो वे रोमांचित हो गए। प्राची खंडेलवाल, सुचिता मानक बोहरा, मुनमुन पोद्दार, तरंग अग्रवाल और राखी खंडेलवाल ने मिलकर वर्तमान समय में आगे बढ़ने के लिए नए विचार और चुनौतियां बताईं।

### 60 महिलाओं ने किया पार्टिसिपेट

महत्वपूर्ण चर्चाओं के अलावा इवेंट में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें इंटरएक्टिव गेम्स और एक फोटो बूथ शामिल थे जहां डेनिम से सजी तस्वीरें क्लिक कराई गई। इस मौके पर निहारिका नौपनी, ईशा सूद, खुशबू जैन, राशि गाड़िया, सीमा अग्रवाल आदि सहित 60 महिलाएं मौजूद रहीं। उन्होंने बताया, कि भविष्य में भी इस तरह के और इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे ताकि महिलाएं एक साथ आकर अपनी कहानियां शेयर कर सकें।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 26 अगस्त, 2024





जिसकी मति और गति सत्य और धर्म की हो,
उसका रथ आज भी श्रीकृष्ण चलाते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## इजराइल Vs हिजबुल्लाह: इजराइल ने इमरजेंसी लगाई, 100 फाइटर जेट्स से पलटवार किया

# हिजबुल्लाह ने दागे 320 रॉकेट, 11 मिलिट्री बेस को बनाया निशाना

**एजेंसी** | बेरूत


लेबनान से ऑपरेट होने वाले हिजबुल्लाह संगठन ने इजराइल पर 320 रॉकेट से हमला किया है। कतर के मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक हिजबुल्लाह ने रविवार को इजराइल के 11 सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन्स फायर किए।

हिजबुल्लाह ने यह हमला अपने टॉप कमांडर फुआद शुकर की मौत का बदला लेने के लिए किया। दरअसल, इजराइल ने 30 जुलाई को बेरूत में एक एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को मार गिराया था। हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने 48 घंटों के लिए इमरजेंसी की घोषणा कर दी। राजधानी तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट को बंद करते हुए आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स को 90 मिनट के लिए रोक दिया गया। हालांकि बाद में सेवाएं वापस शुरू कर दी गईं।



### नेतन्याहू ने बुलाई कैबिनेट बैठक

हिजबुल्लाह के हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि हम पर हजारों रॉकेट्स से हमला हुआ, जिसे नाकाम कर दिया गया। नेतन्याहू ने कहा, "हम देश की सुरक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। जो हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे।" दूसरी तरफ, अमेरिका ने ओमान की खाड़ी में मौजूद अपने दो एयरक्राफ्ट कैरियर और युद्धपोतों को इजराइली सीमा के नजदीक तैनात कर दिया है। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अमेरिकी पनडुब्बी जॉर्जिया को इलाके में तैनाती के लिए भेज दिया है।



### शांति समझौता कर पाने में विफल

प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू पर हमास से शांति समझौता कर पाने में विफल होने का आरोप भी लगाया। एक बंधक के भाई, डिकमैन ने कहा, "अगर नेतन्याहू शांति के लिए समझौता नहीं कर पाते हैं तो वे हमास - इजराइल के कट्टरपंथी नेताओं याह्या सिनवार और बेन ग्विर की इच्छा पूरी करेंगे।" वहीं, विपक्ष के नेता यायर लैपिड ने कहा कि, सीजफायर के लिए किसी दल को भेजने की बजाए, प्रधानमंत्री को खुद बातचीत के लिए काहिरा जाना चाहिए। दरअसल, इजराइल-हमास के बीच जंग रोकने के लिए काहिरा में शनिवार को हमास, मिस्र, कतर और अमेरिका में बातचीत हुई।

### जंग रोकने के लिए राजधानी काहिरा में चल रही है बैठक

हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल ने लेबनान में उसके ठिकाने पर जवाबी कार्रवाई की है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइली डिफेंस फोर्स (IDF) ने 100 फाइटर जेट्स से हिजबुल्लाह की रॉकेट लॉन्चिंग साइट्स पर अटैक किया। लेबनान और इजराइल के बीच हमले उस वक्त हुए हैं जब गाजा में जारी जंग को रोकने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में बैठक चल रही है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, हिजबुल्लाह ने सुबह-सुबह इजराइल पर हमला किया। इस दौरान अमेरिका में रात थी। राष्ट्रपति जो बाइडेन हालातों पर नजर बनाए रखे हुए हैं। उन्होंने नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ मीटिंग की है। वहीं, व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका, इजराइल को सुरक्षित रखने में उसकी मदद करता रहेगा।

### इजराइल पर ईरान से भी हमले का डर

इजराइल ने 30 जुलाई को बेरूत में एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को मार गिराया था। इसके ठीक अगले दिन 31 जुलाई को ईरान में हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानियेह की मौत हो गई। हमास और ईरान ने इजराइल पर हानियेह की हत्या करने का आरोप लगाया।

### नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन

इजराइल में शनिवार को हजारों लोग चुनाव कराने की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए। लोगों ने नेतन्याहू सरकार पर बंधकों को बचाने में नाकाम होने के आरोप लगाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बंधकों को वापस लाने और सीजफायर का समझौता करने की भी मांग की। इजराइली मीडिया के मुताबिक, जंग में मारे गए बंधकों के परिवार वालों ने तेल अवीव में प्रदर्शन के दौरान नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि, वे चाहते तो उन्हें बचा सकते थे। इजराइली सेना ने मंगलवार को गाजा से 6 बंधको के शव बरामद किए थे। यह प्रदर्शन उन्हीं के परिवारों के नेतृत्व में हुआ। प्रदर्शनों के दौरान यरूशलम में तीन प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने उड़ाया पुतिन का मजाक बोले...

# रेड स्क्वायर का बीमार बूढ़ा

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने शनिवार को एक नई यूक्रेनी 'ड्रोन मिसाइल' के बारे में कहा कि यह हथियार युद्ध में रूस को पीछे धकेल देगा। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का मजाक उड़ाते हुए उन्हें 'रेड स्क्वायर का बीमार बूढ़ा आदमी' कहा।

रूस के साथ जंग के बीच यूक्रेन ने अपना 33वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस दौरान जेलेंस्की ने कहा कि नया हथियार, Palianytsia, घरेलू रूप से निर्मित ड्रोन की तुलना में ज्यादा तेज और शक्तिशाली है, जिनका इस्तेमाल यूक्रेन रूस के खिलाफ अब तक करता आ रहा है। जेलेंस्की ने चेतावनी देते हुए कहा, 'हमारा दुश्मन जान जाएगा कि यूक्रेन का जवाबी कार्रवाई का तरीका क्या है।' यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि नए हथियार का इस्तेमाल रूस में एक टारगेट पर सफल हमले में किया गया था। हालांकि उन्होंने उस जगह का खुलासा नहीं किया। उन्होंने रूस के 71 वर्षीय राष्ट्रपति और मॉस्को की तरफ से आने वाली परमाणु बयानबाजी का मजाक उड़ाया।



### वो हमेशा देता है रेड बटन की धमकी

जेलेंस्की ने कहा, 'रेड स्क्वायर का एक बीमार बूढ़ा आदमी जो लगातार सभी को रेड बटन की धमकी देता रहता है, उसकी कोई भी धमकी हम पर असर नहीं करेगी।' फरवरी 2022 से यूक्रेन पर हजारों मिसाइलों और ड्रोन से हमला करने वाले रूस ने यूक्रेनी ड्रोन हमलों को 'आतंकवाद' करार दिया है। पुतिन की सेना यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में आगे बढ़ रही है और अब तक देश के करीब 18 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर चुकी है।

### रूस के लिए मुश्किल होगा

जेलेंस्की ने एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं एक बार फिर इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हमारे नए हथियार के फैसले, जिसमें Palianytsia भी शामिल है, काम करने का हमारा असली तरीका है, जबकि अफसोस हमारे कुछ पार्टनर्स फैसले लेने में देरी कर रहे हैं।' 'Palianytsia' एक यूक्रेनी ब्रेड का प्रकार है। यूक्रेन के लोगों का कहना है कि रूसियों के लिए इस शब्द का उच्चारण करना बहुत कठिन है। जेलेंस्की ने ड्रोन मिसाइल के बारे में कहा, 'रूस के लिए यह बहुत मुश्किल होगा, यह बताना कि उन पर किस चीज से हमला हुआ है।'


## प्राइवेट जेट से जा रहे थे अजरबैजान

# टेलीग्राम एप के CEO फ्रांस में गिरफ्तार

**एजेंसी** | पेरिस

टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के बिलेनियर फाउंडर और सीईओ पावेल ड्यूरोव को शनिवार शाम पेरिस के बाहर बॉर्गेट हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए इसकी सूचना दी है। जानकारी के मुताबिक ड्यूरोव अपने प्राइवेट जेट में अजरबैजान के लिए यात्रा कर रहे थे।

एक पुलिस जांच के तहत अरेस्ट वारंट के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है। यह जांच टेलीग्राम पर मॉडरेटर की कमी पर केंद्रित थी। पुलिस का मानना है कि मॉडरेटर की कमी ने मैसेजिंग ऐप पर आपराधिक गतिविधियों को निर्बाध रूप से चलने दिया।



### रूस-यूक्रेन युद्ध के कंटेंट का प्रमुख प्लेटफॉर्म

टेलीग्राम ने फिलहाल इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। फ्रांस के गृह मंत्रालय और पुलिस की भी अभी कोई टिप्पणी नहीं आई है। 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला बोलने के बाद से टेलीग्राम युद्ध के आसपास की राजनीति को लेकर दोनों पक्षों की ओर से 'अनफिल्टर्ड कंटेंट' का सबसे प्रमुख प्लेटफॉर्म बन गया है।

### रूस और यूक्रेन की सरकारें करती हैं इस्तेमाल

मैसेजिंग ऐप यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की और उनके अधिकारियों के लिए कम्युनिकेशन का भी सबसे प्रमुख माध्यम है। क्रेमलिन और रूसी सरकार भी इसका इस्तेमाल अपनी खबरें शेयर करने के लिए करते हैं। टेलीग्राम उन कुछ प्लेटफॉर्म में से एक बन गया है जहां रूसी युद्ध से जुड़ी सामग्री प्राप्त की जा सकती है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl